वर्ष 23, अंक 229, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 13 सितम्बर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मुख्य सचिव बोले- ममता के साथ बैठक में 15 प्रतिनिधि होंगे शामिल

बंगाल सरकार ने खारिज की लाइव टेलीकास्ट की मांग

कोलकाता : कोलकाता रेप-मर्डर केस में डॉक्टरों ने सीएम ममता बनर्जी के साथ बैठक के लिए कुछ शर्तें रखी थीं. इसे पश्चिम बंगाल सरकार ने ठुकरा दिया था. इस बीच पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत ने गुरुवार (12 सितंबर) को प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों से एक नई अपील जारी की, जिसमें उनसे शाम 5 बजे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया.

राज्य सरकार ने बैठक का सीधा प्रसारण करने की डॉक्टरों की मांग को खारिज कर दिया, लेकिन पारदर्शिता के लिए चर्चा को रिकॉर्ड करने की अनुमति देने पर सहमति जताई. अपने पत्र में मुख्य सचिव मनोज पंत ने प्रतिनिधिमंडल की संख्या को 15 डॉक्टरों तक सीमित कर दिया, जबकि मौजूदा गतिरोध को हल करने के उद्देश्य से बातचीत में ममता बनर्जी की उपस्थिति की पुष्टि की है.

उट के साथ बैठक का नहीं किया जाएगा लाइव प्रसारण- मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों के लिखे पत्र में कहा, "बैठक का लाइव प्रसारण नहीं किया जाएगा. हालांकि, पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इसे रिकॉर्ड किया जा सकता है. इसके साथ ही कार्यवाही की पवित्रता भी बनी रहेगी. यह सुनिश्चित होगा कि सभी चचाओं का सही ढंग से दस्तावेजीकरण किया गया है.

स्वास्थ्य भवन के ऑफिस के बाहर धरना दे रहे जूनियर डॉक्टर

वहीं, डॉक्टर साल्ट लेक में पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य भवन के ऑफिस के बाहर धरना दे रहे हैं. जहां पर वो अपने सहकर्मी के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, जिसका शव 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में मिला था. उनका आंदोलन, जिसने सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को पंगु बना दिया है, अब अपने 34वें दिन में है. बुधवार को सरकार द्वारा बातचीत के लिए दिए गए निमंत्रण के बावजूद डॉक्टरों ने पहली शर्त के तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी और लाइव प्रसारण पर जोर दिया था।

हमारे आंदोलन के पीछे नहीं है कोई राजनीति

पीटीआई ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों में से एक के हवाले से कहा, "हम अपना आंदोलन जारी रखेंगे और काम बंद रखेंगे. लेकिन हम इसे जारी नहीं रखना चाहते. जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि राज्य सरकार हमारे साथ कोई बैठक करने को तैयार नहीं है. ऐसे में हम यह साफ करना चाहते हैं कि हमारे आंदोलन के पीछे कोई राजनीति नहीं है

8 देशों के एयरफोर्स चीफ ने उड़ाया एक-दूसरे का फाइटर जेट

जोधपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर में कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। सेंसर, रडार, आदि क्षेत्र में भारत काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गया है। आज के वक्त में जहां कई देश युद्ध कर रहे हैं वहीं भारत का लक्ष्य एकजुट रहकर एकसाथ आगे बढ़ना है।

भारतीय वायुसेना की पहली मल्टीनेशनल एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति 2024 जोधपुर के एयर फोर्स स्टेशन पर देखने को मिली। वायुसेना द्वारा आयोजित इस एयर एक्सरसाइज में भारत समेत आठ देश हिस्सा ले रहे हैं, जबकि 20 अन्य राष्ट्र इसे ऑब्जर्व कर रहे हैं। इंडियन एयर फोर्स के इस पहले बहुराष्ट्रीय तरंग शक्ति एक्सरसाइज में विदेशी वायु सेनाओं के चीफ ने भी शिरकित की।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तरंग शक्ति अभ्यास का निरीक्षण करने पहुंचे।

सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी का निधन, दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली : सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी का निधन हो गया है। उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। वो कुछ दिनों से एम्स में भर्ती थे। बताया जाता है कि येचुरी को फेफे-ड़े में संक्रमण (लंग इन्फेक्शन) था। डॉक्टरों की टीम उनका कई दिनों से इलाज कर रही थी, लेकिन वो बचाए नहीं जा सके।

ढोल-ताशा बजाने दें, ये उनके दिल में है

गणपति विसर्जन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

एनजीटी के 30 अगस्त के आदेश को उठाते हुए कहा, एनजीटी पुणे में गणपति के विसर्जन के लिए ढोल ताशा समूह में लोगों की संख्या को प्रतिबंधित करने का लिखित आदेश दिया है। एनजीटी ने गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए लोगों की संख्या कैसे सीमित कर सकता है?

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान 'ढोल-ताशा' समूहों में लोगों की संख्या 30 तक सीमित करने के एनजीटी के निर्देश पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने आदेश सुनाते हुए कहा कि उन्हें ढोल-ताशा करने दीजिए, यह पुणे का दिल है। इससे पहले एनजीटी ने गणेश उत्सव के दौरान सामूहिक प्रदर्शन में संख्या सीमित कर दी थी। एनजीओ ने सीजेआई के सामने एनजीटी के 30 अगस्त के आदेश को उठाते हुए कहा, एनजीटी पुणे में गणपति के विसर्जन के लिए ढोल ताशा समूह में लोगों की संख्या को प्रतिबंधित करने का लिखित आदेश दिया है। एनजीटी ने गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए लोगों की संख्या कैसे सीमित कर सकता है?

एनजीटी के आदेश के खिलाफ पुणे स्थित ढोल-ताशा समूह की याचिका पर दोपहर 2 बजे सुनवाई करने का फैसला करते हुए, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के अधिकारियों को भी नोटिस जारी किया।

वकील अमित पई ने कहा कि सौ वर्षों से अधिक समय से पुणे में 'ढोल-ताशा' का बहुत "गहरा सांस्कृतिक महत्व" रहा है और इसकी शुरूआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने की थी।

हरियाणा में भाजपा इन 5 ब्लंडर्स के बाद भी जीतती है तो करिश्मा ही होगा

चंडीगढ़: 10 साल तक लगातार हरियाणा की सत्ता में रही बीजेपी टिकट बंटवारे के बाद असंतोष से जूझ रही है। पार्टी ने अपने पुराने पैटर्न को आजमाते हुए एक तिहाई विधायकों का टिकट दिया। टिकट कटने से ऐसे पुराने खालिस नेता भी नाराज हैं, जो दशकों से पार्टी का झंडा थामकर संघर्ष करते रहे। पार्टी ने दूसरे पार्टियों के आए नेताओं और उनके बच्चों पर मेहरबानी दिखाई। ब्यूरोक्रेट पर भी भरोसा दिखाया, पर पुराने भरोसेमंद असक्षम घोषित कर दिए गए। एंटी इम्कबेंसी के दौर में बीजेपी ने कुछ ऐसी रणनीतिक गलतियां की हैं, जिसका खमियाजा हरियाणा में भुगतना पड़ सकता है। इन ब्लंडर्स के बाद भी अगर बीजेपी हरियाणा में जीत जाती है तो इसे करिश्मा ही माना जाना चाहिए।

दिग्गजों के टिकट काटने के बहाने जम नहीं रहे

बीजेपी ने हरियाणा में अपने चार मंत्रियों समेत 15 विधायकों का टिकट काट दिया। लोकसभा चुनाव लड़ चुके टिकट के कई बड़े दावेदारों की भी छुट्टी कर दी गई।

चीन सीमा से सैनिकों की वापसी से 75 प्रतिशत विवाद सुलझे...

बीजिंग के साथ संबंधों पर जयशंकर का बड़ा बयान

बर्लिन: भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर ने चीन को कई मुद्दों पर घेरा है। गुरुवार को जिनेवा पहुंचने के बाद जयशंकर ने कहा कि चीन ने भारत के साथ समझौतों का ख्याल नहीं करते हुए फैसले लिए हैं। जयशंकर ने जिनेवा में बोलते हुए माना कि भारत और चीन के बीच जटिल संबंध हैं। उन्होंने कहा कि चीन ने भारत के साथ समझौते का उल्लंघन करते हुए चीजों को ज्यादा खराब किया। हालांकि जयशंकर ने ये भी माना कि चीन के साथ बॉर्डर पर तनाव कम करने के लिए हो रही वार्ता में कुछ प्रगति हुई है और खासतौर से सैनिकों की वापसी से तकरीबन 75 फीसदी समस्याएं सुलझ गई हैं।

चीन से आर्थिक संबंधों पर भी विदेश मंत्री जयशंकर ने बात की। उन्होंने भारत के चीन के साथ व्यापार घाटे की ओर इशारा करते हुए कहा कि बीजिंग के साथ व्यापार बराबरी के स्तर पर नहीं है। जयशंकर ने इस दौरान अगली क्वाड बैठक को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका में अगला क्वाड शिखर सम्मेलन करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन के अमेरिका में होने की पुष्टि जयशंकर ने की है। सम्मेलन बाइडन के गृह राज्य डेलावेयर में होगा

जयशंकर ने ब्रिक्स पर भी दिया बयान जयशंकर ने इस दौरान जी-20, जी-7 और ब्रिक्स पर भी बयान दिया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव किस पर हुए फायर

'मठाधीश और माफिया में कोई फर्क नहीं होता'

लखनऊ:

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बीजेपी और बसपा पर जमकर निशाना साधा. इस दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि मठाधीश और माफिया में कोई ज्यादा फर्क नहीं होता है. उन्होंने कहा कि जिसकी सोच नकारात्मक हो और जिसका दिल और दिमाग नकारात्मक हो, वह विनाश ही कर सकता है, विकास नहीं कर सकता. वहीं उन्होंने फर्जी एनकाउंटर को लेकर भी भाजपा सरकार पर सवाल खड़े किए.

अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे- अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने कहा "भाजपा ने इतने फर्जी एनकाउंटर किए हैं कि उत्तर प्रदेश को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है. कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो यह न जानता हो कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में झूठे एनकाउंटर हो रहे हैं, हत्या की जा रही है." वहीं अखिलेश यादव ने अयोध्या का जिक्र कर भी कई मुद्दों पर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि हम अपने अयोध्यावासियों को भरोसा

दिलाते हैं कि 2 साल के बाद जब सरकार समाजवादियों की आएगी अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे."

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा "सरकार ने किसानों को कहीं मुआवजा नहीं दिया जो उनकी मांग थी उसके अनुसार. जब उनके लोगों के पास जमीन पहुंच गई उसके बाद अयोध्या का सर्किल रेट बढ़ा दिया गया.अधिकारी और भारतीय जनता पार्टी के लोग मिलकर के लूट में लग गए हैं. जहां लूट होगी वहां विकास नहीं होगा."

सुल्तानपुर एनकाउंटर पर उठाए सवाल

इसके साथ ही अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर एनकाउंटर पर फिर से सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर में जो घटना हुई ऐसी पहले भी हुई है, इससे पहले भी इन्हीं के नेता द्वारा वहां हत्या की गई हैं।

हरियाणा चुनाव : कांग्रेस से गठबंधन 'खत्म', 'आप' ने सभी 90 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को अपने उम्मीदवारों की 7वीं लिस्ट जारी कर दी।

पार्टी ने लिस्ट में 3 नामों की घोषणा की। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी ने हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं।

पार्टी ने अपनी आखिरी लिस्ट में आदर्श पाल को टिकट दिया है। जो आज (12 सितंबर) ही कांग्रेस का छोड़कर आम आदमी पार्टी में

शामिल हुए हैं।

इसके अलावा आप ने नारनौंद से रणवीर सिंह लोहान को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं नूंह से राबिया किदवई को अपना उम्मीदवार बनाया है।

इस तरह अब तस्वीर साफ हो चुकी है कि हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन नहीं हो रहा है।

प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती- योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर सामाजिक वैमनस्यता पैदा करके देश के दुश्मनों को प्रोत्साहित करने वाले गरीबी के दंश को क्या झेल पाएंगे?

सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, कभी गरीबी नहीं देखी, उनसे उम्मीद करना कि वो बीओसी बोर्ड से जुड़े हुए रजिस्टर्ड श्रमिक

या इन निराश्रित बच्चों जिन्होंने कोविड कालखंड में अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, उनकी पीड़ा को समझ पाएंगे। उन लोगों के पास उसे समझने के लिए न समय है, न फुर्सत है, क्योंकि उनके अपने एजेंडे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को बांटना है। इसके अलावा उनको कुछ भी नहीं दिखाई देता। ये चाहते हैं कि एक गरीब कभी गरीबी, अभाव और अशिक्षा से मुक्त न होने पाए। अगर हो जाएगा तो इनके बंटवारे और सामाजिक वैमनस्यता की राजनीति पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

यही कारण है कि सरकारें पहले भी थीं, पैसा पहले भी था, लेकिन गरीबों के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध नहीं किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में जो लोग अराजकता पैदा करना चाहते हैं, अव्यवस्था पैदा करना चाहते हैं, माफियागीरी करना चाहते हैं उन्हें हिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय एक मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में हम 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं।

वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे, तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी।

इंदौर की घटना पर राहुल गांधी का सवाल, 'जिम्मेदारी से कब तक आंख चुराएंगे?'

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के इंदौर में सेना के ट्रेनी अधिकारी से लूटपाट और उनकी महिला मित्र से कथित गैंगरेप मामले को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों की कानून व्यवस्था लगभग अस्तित्वहीन है और महिलाओं के खिलाफ दिन-प्रतिदिन बढ़ते अपराधों पर भाजपा सरकार का नकारात्मक रवैया अत्यंत चिंताजनक है।

राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर वार करते हुए पूछा कि देश की

आधी आबादी की रक्षा की जिम्मेदारी से कब तक आंख चुराएंगे? कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मध्य प्रदेश में सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। भाजपा शासित राज्यों की कानून व्यवस्था लगभग अस्तित्वहीन है और महिलाओं के खिलाफ दिन-प्रतिदिन बढ़ते अपराधों पर भाजपा सरकार का नकारात्मक रवैया अत्यंत चिंताजनक है।" उन्होंने आगे लिखा, "अपराधियों की ये निर्भीकता प्रशासन की पूर्ण नाकामी का परिणाम है और इस कारण देश में पनपता असुरक्षित वातावरण भारत की बेटियों की स्वतंत्रता, उनकी आकांक्षाओं पर बंदिश है। समाज और सरकार दोनों शर्मिंदा हों और गंभीरता से विचार करें, देश की आधी आबादी की रक्षा की जिम्मेदारी से कब तक आंख चुराएंगे।"

महाराष्ट्र में एक पोस्टर ने बढ़ाया सियासी पारा

मुंबई। महाराष्ट्र में एक पोस्टर ने सियासी तपिश बढ़ा दी है। दिवारों पर ऐसा पोस्टर चस्पा किया गया है, जो महंगाई को लेकर प्रदेश सरकार पर प्रहार करता है। निशाने पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हैं। मराठी में लिखा है 'तूम्ही उपाशी भाजप तूपाशी'। मतलब आप भूखे हैं और इसमें भाजपा आपकी मदद कर रही है। इसमें बीजेपी को महाराष्ट्र की जनता का ह्यपॉकेट मारह्न बताया गया है। पोस्टर में दिखाया गया है कि बीजेपी लगातार सत्ता का दुरुपयोग कर जनता की गाढ़ी कमाई को हथिया रही है।

पोस्टर में देवेंद्र फडणवीस को जनता की जेब से पैसे लेते हुए दिखाया गया है। उन्हें इस पोस्टर में ऐसे रेखांकित किया गया है।

गिट्टी लदी अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक की दर्दनाक मौत दूसरा घायल

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मेजारोड-कोंहडार मार्ग पर किया चक्काजाम, पुलिस के काफी मान मनौवल के बाद ग्रामीणों ने खाली किया रास्ता

अखंड भारत संदेश

मेजा। ममोली गांव के सामने मेजारोड-कोहडार मार्ग पर गुरुवार को दोपहर सड़क हादसे में अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और चक्काजाम कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के ममोली गांव निवासी बबऊ यादव (55) पुत्र रामपति बाइक से कहीं जा रहा था उसके साथ गांव का हरेंद्र यादव भी बाइक पर बैठा हुआ था। बताया जाता है कि जैसे ही वह ममोली गांव के सामने पहुंचा मेजारोड कोहडार सड़क पर तेज रफ्तार अनियंत्रित भटौती से गिट्टी लाद कर जा रही ट्रक की चपेट में आ गया जिससे सड़क हादसे में बबऊ यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ रहा युवक हरेन्द्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। गौरतलब है कि यह हादसा गांव के सामने होने के कारण सड़क पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई और चक्काजाम कर दिया।चक्काजाम की सूचना जैसे ही मेजा पुलिस को मिली थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय मय फोर्स मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया जबकि हादसे में घायल हरेंद्र यादव को इलाज हेतु अस्पताल भिजवायाऔर लिखा पढ़ी की कार्यवाही में जुट गए। उल्लेखनीय है कि यदि देखा जाए तो आए दिन हो रहे सड़क हादसों की मुख्य वजह पुलिस की मिली भगत से सड़कों पर फरार्टे से दौड़ रही ओवरलोड ट्रकें रही हैं जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मेजारोड-कोहडार मार्गपर चक्काजाम कर आवागमन बंद कर दिया है। हालांकि पूरे दल बल के साथ मौके पर पहुंचे कोतवाली मेजा प्रभारी राजेश उपाध्याय के काफी समझाने बुझाने के बाद चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को शांत कराया तब कहीं जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ।

अधेड़ महिला के मौत का हुआ पदार्फाश, पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

अखण्ड भारत सन्देश

मांडा। पति ने शराब पीकर मारपीट की। मारपीट के दौरान पत्नी की मौत होने पर पति उसे मांडा खास -कोरांव मुख्य मार्ग बगैहा पुल के समीप छोड़कर चला गया फिर पुलिस को सूचना दिया कि मेरी पत्नी को जंगली जानवरों ने मार डाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया ' वही पीएम रिपोर्ट में मारपीट से हुई मौत का खुलासा होने के बाद आरोपी पति ने पुलिस के सामने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। मंगलवार सुबह मांडा थाना क्षेत्र के मांडा खास कोरांव मुख्य मार्ग पर बगैहा पुल के समीप थाना कोरांव सेमरी बाघराय गांव निवासिनी की अधेड़ महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। महिला के पैर पर गहरे जख्म के निशान थे। उसके पति ने पुलिस को सूचना दी थी कि जंगली जानवर के हमले से पत्नी की मौत हों गईं है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मारपीट की पुष्टि और पूछताछ में पति ने मारपीट के दौरान पत्नी के मौत को स्वीकार किया है गेंदा लाल धईकार की 50 वर्षीय कलावती बांस से निर्मित डलिया-दौरी, बेना आदि बेचती थी। शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण मारपीट बताया गया। पुलिस ने कलावती देवी के पति गेंदालाल से जब कड़ाई से पूछताछ की, तो गेंदालाल ने बताया कि सोमवार को रात में पत्नी दोनों बांस से बना डलिया, बेना आदि बेचकर भारतगंज मांडा से लौटकर कोरांव के लिए साधन की प्रतीक्षा के दौरान दोनों शराब पिया । और शराब के नशे में दोनो मार पीट की जिसमें पत्नी को छोड़कर कोरांव स्थित अपने घर चला गया और सुबह पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी को जानवरों ने मार डाला है। वही इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामले का पदार्फाश हो चुका है जिसमें पति ही पत्नी का हत्यारा है।

घर से दवा लेने निकला श्रीराम प्रजापति आखिर कहां गया, दर-दर भटक रहे परिजन

मेजा पुलिस को तहरीर देकर बरामद किए जाने की लगाई गुहार

मेजा। घर दवा लेने निकला युवक श्रीराम प्रजापति आखिरकार कहां गया। उसे धरती खा गई या आसमान निगल गया बेटे की तलाश में दर दर भटक रहे थक हार कर किसी अनहोनी की आशंका से मेजा पुलिस को शिकायती पत्र देकर गुमशुदा बेटे को अविलंब बरामद किए जाने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के उरुवा गांव निवासी फूलचंद्र प्रजापति ने गुरुवार को मेजा थाने में दी गई लिखित तहरीर में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि उनका छोटा भाई श्रीराम प्रजापति बीते 10 सितंबर को घर से दवा लेने को कहकर निकाला था। लेकिन देर रात तक उसके न लौटने पर परिजन काफी परेशान हो गए और सुबह होने पर कई संभावित ठिकानों तथा नात रिश्तेदारियों में लगातार दो दिनों तक खोजबीन किया किंतु उसका कहीं अता पता नहीं चला तो काफी हताश एवं परेशान होकर किसी अनहोनी की आशंका से मेजा पुलिस को तहरीर देकर श्रीराम को बरामद किए जाने की गुहार लगाई है। इतना ही नहीं तहरीर में फूलचंद्र प्रजापति ने यह इस बात का भी जिक्र किए हैं कि श्रीराम प्रजापति मानसिक हालत ठीक नहीं है और वह सफेद रंग का शर्त पैंट, काले रंग का फाइबर चप्पल पहने हुए है। उसकी लम्बाई पांच फीट तीन इंच के लगभग है तथा रंग गेहुआ है।

जिम्मेदार अधिकारी के सौतेला व्यवहार से पीने के लिए पानी को तरस रहे ग्रामीण

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा ब्लॉक मुख्यालय के 69 ग्राम पंचायतो मे दर्जनों से अधिक ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारी के गलत रिपोर्ट एवं सौतेला व्यवहार से पिने के लिए पानी को तरस रहे हैं ' विकास खण्ड मांडा मुख्यालय के दर्जनों से अधिक ग्राम पंचायतो में पिने के लिए पानी की मांग करने पर जिम्मेदार अधिकारी अपने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सरकारी योजनाओं को खरीदने वालों का इंतजार किया जाता हैं ' फिर उसी के आधार पर जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारी को सौपी जाती हैं यदि खरीदने वाला ग्राहक नहीं मिला तो जांच लंबित छोड़ दिया जाता हैं ' विकास खण्ड मांडा में तैनात बोरिंग टेक्निशियन राम रतन द्वारा सरकारी हैण्ड पम्प की मरम्मत एवं रिबोर की जांच रिपोर्ट से दर्जनों ग्राम पंचायतो के ग्रामीण पिने के लिए पानी को तरस रहे हैं ' वही उनके जांच रिपोर्ट से लगे सरकारी हैण्ड पम्प द्वारा खेतो की सिचाई की जा रही हैं कही पिने के लिए पानी को दूर दूर भटकना पड़ रहा है ' ग्रामीणों ने मांडा ब्लॉक मुख्यालय के 69 ग्राम पंचायतो मे पिने के लिए सरकारी रिबोर हैंड की उच्चाधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांचकर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों ने प्यासे को पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

मेजा में संचालित दिब्यांग विद्यालय के प्रधानाचार्य की करतूत, बेवजह दिब्यांग छात्र को पीटा

पीड़ित छात्र की मां और आक्रोशित परिजनों ने विद्यालय पहुंच किया हंगामा कर काटा बवाल, कहा-आईजीआरएस के जरिए सीएम योगी बाबा से करूंगी प्रधानाचार्य की शिकायत

मेजा। विकास खंड मेजा के गेदुराही पहाड़ी पर स्थित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय (दिव्यांग विद्यालय) में प्रधानाचार्य द्वारा एक छात्र की पिटाई किए जाने का मामला शोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रोते विलखता छात्र घर पहुंचकर आपबीती बताई तो छात्र की मां विद्यालय पहुंच खूब हंगामा एवं बवाल काटा।छात्र की मां और शिक्षक के बीच हुई कहासुनी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को मेजा के गेदुराही गांव की पहाड़ी पर संचालित दिब्यांग विद्यालय के प्रधानाचार्य ने किसी बात को लेकर छात्र पिटाई कर दिया। जिस पर छात्र रोते हुए घर पहुंचा तो उसकी मां और घर के कई अन्य लोग आक्रोशित होकर विद्यालय पहुंच गए और प्रधानाचार्य से बच्चे को पिटने का कारण पूंछा। विद्यालय के एक शिक्षक ने बच्चे को अनुशासनहीनता करने के आरोप में पिटाई का कारण बताया। इस दौरान छात्र की मां और परिजन प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार नोक झोंक करते हुए भारी हंगामा किया और जमकर बवाल काटा शोर शराबा सुनकर विद्यालय के कई और शिक्षक तथा ग्रामीण पहुंच गए और छात्र की मां एवं परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। इस संबंध में प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि छात्र कक्षा में अनुशासनहीनता कर रहा था जिसके कारण वह उसे पीट दिए थे जबकि छात्र की मां का कहना है कि उसके बच्चे की इतनी पिटाई की गई है कि उसके शरीर पर पिटाई के निशान पड़ गए हैं, प्रधानाचार्य ने किसी और बात में झल्लाकर मेरे बेटे को पीटा है जिसकी शिकायत वह आईजीआरएस के जरिए प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से करने की बात कही है। फिलहाल मामले का वीडियो जहां सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वहीं यह प्रकरण क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्रधान के तीन वर्षों के विकास कार्यों की सचिव ने गिनाई उपलब्धियां

गांव की खुली बैठक

कहा - शासन के मंशानुरुप ग्राम पंचायत मेड़रा पूर्व के कार्यकाल की तुलना में है विकासशील

प्रधान के सहयोग से मेड़रा गांव को एक आदर्श गांव बनाना ही मूल उद्देश्य - विकास जायसवाल

अखंड भारत संदेश

मेजा। गांव की खुली बैठक में ग्राम प्रधान रामधारी उर्फ कल्लू बिंद के द्वारा बीते तीन वर्षों में किए गए विकास कार्यों को ग्राम सचिव विकास कुमार जायसवाल ने प्रमुखता से गिनाया साथ ही साथ बैठक में कई नए कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रस्ताव भी किया गया। इस दौरान ग्राम सचिव विकास जायसवाल ने कहा कि पूर्व के कार्यकाल की तुलना में ग्राम पंचायत मेडरा में विकास को गति मिली है। उल्लेखनीय है कि विकास खंड मेजा के मेडरा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में मेजा ब्लाक के ग्राम पंचायत अधिकारी विकास जायसवाल की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित हुई खुली बैठक में ग्राम सचिव ने प्रधान रामधारी बिंद उर्फ कल्लू नेता के द्वारा विगत तीन वर्षों में ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों जैसे शिवाराम के घर से रमापति के घर तक,राजेश के घर से रामसजीवन के घर तक,मोहन लाल के घर से भुलई के घर तक,राजेश के घर से हैंडपंप तक,पंचरतन के घर से मंदिर तक,पीडब्ल्यूडी रोड से श्याम नारायण यादव के घर तक,अमरनाथ के घर से विश्वकर्मा बस्ती तक,अजय कुमार के घर से ट्रांसफार्मर तक तथा वसंत लाल के घर से मंदिर होते हुए चिंता के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य,गांव के नाला पर पुलिया निर्माण,इंद्रबहदुर के घर से नाला तक,कल्लन के घर से रामदेव यादव के घर तक,तथा बिंद बस्ती में चकामार्ग नंबर 48 से मंदिर तक पक्की नाली निर्माण ,विष्णु शुक्ला के घर से कानता के चक तक, कांता के घर से कूंची बार्डर तक,प्राइमरी स्कूल से कब्रिस्तान तक,नाला से बरहा माइनर तक, लक्षनधारी के चक से नाला तक तथा वसंत लाल के घर से नाला तक कच्चा चकमार्ग। प्राथमिक विद्यालय मेडरा का कायाकल्प,इसके अतिरिक्त पंचायत भवन के हंडापंप का फाउंडेशन एवं सीसी कैमरा,ब्राह्मण बस्ती में देवस्थल पर हैंडपंप का कार्य,आरसी सेंटर कूड़ा घर के अलावा पीडब्ल्यूडी से कूंची मार्ग रिपेयर कार्य आदि विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई और शासन के द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तार से फोकस किया। इस दौरान ग्राम सचिव श्री जायसवाल ने पीएम आवास के लिए ग्रामीणों को पत्रता का मानक समझाते हुए कई नए प्रस्ताव भी पारित किए किया। खुली बैठक में भारी तादात में उपस्थित पुरुष एवं महिला ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व के कार्यकाल के अपेक्षाकृत मेजा का मेडरा ग्राम पंचायत विकास के पथ पर अग्रसर है। इसी क्रम में गांव के विकास के लिए संकल्पित ग्राम पंचायत मेडरा के प्रधान रामधारी उर्फ कल्लू नेता ने कहा कि गांव हमारा परिवार है हम अपने परिवार के विकास के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने आगे कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं को गांव के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना एवं गांव का सर्वांगीण विकास करना ही हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं एवं पुरुष खुली बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

चोरी करने के शक में पेड़ से बांधकर पिटाई

लालापुर। थाना क्षेत्र के छतहरा गांव में बुधवार की रात मुसहर बस्ती में पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने एक युवक को वहां से पकड़ कर पहाड़ी पर कुछ दूर ले जाकर नीम के पेड़ में बांध दिया। गुरुवार को सुबह जब ग्रामीणों को पता चला कि एक चोर को पकड़कर बांधा गया है तो वहां पहुंच गये। सभी ने पिटाई किया। नेबूलाल पुत्र सिपाही लाल मुसहर निवासी खड़ेसर थाना बारा अपने रिश्तेदार के यहां छतहरा गया हुआ था। लोगों ने जोर जोर से चोर चोर चिल्लाने लगे तो ग्रामीण इकट्ठा हो गये आस पास खोजबीन करने लगे तो नेबूलाल भागता दिखा तो ग्रामीणों ने पीछा कर लिया। नेबूलाल अपने रिश्तेदार के पहुंचा तो ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पेड़ से बांधजमकर नेबूलाल की लात घूंसा व लाठी डंडों से जमकर पिटाई किया। सुबह होने पर जैसे जैसे ग्रामीण पहुंचे सभी ने हाथ साफ किया।नेबू लाल से जब ग्रामीणों ने पूछा की छतहरा क्या करने आए थे तो उसने बताया की हमारा रिश्तेदार बुलाया था हम चोरी करने नहीं आये थे। कुछ ग्रामीणों ने इस घटना की वीडियो बना कर गांव में वायरल कर दिया तो नेबूलाल आग बबूला हो गया और डीसीपी से शिकायत कर करवाई की मांग किया । डीसीपी के आदेश पर लालापुर पुलिस ने अनिल कुमार पुत्र किशोरी लाल व अनिल सिंह पुत्र सत्य देव सिंह निवासी छतहरा एवं मनोज शुक्ल पुत्र भैरव प्रसाद निवासी गोबरा तरहार के खिलाफ विधिक करवाई कर गिरफ्तार कर लिया।

कोरांव में सेक्स रैकेट का भंडा फोड़ स्वयं पति ने दी थाने में रपट

ग्राम भगेसर ग्राम सभा का वाकेया,रैकेट में कई लोग शामिल, विरोध पर मिलती थी धमकियां

कोरांव। थाना कोरांव क्षेत्र के ग्राम भगेसर पूरा ठूठा में एक सेक्स रैकेट का मामला प्रकाश में आजिज आ चुके एक महिला के पति ने लगाया है। और थाना कोरांव के अध्यक्ष से एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग भी की है। अखिलेश कुमार पुत्र श्रीनारायण भागेसर कोरांव ने तहरीर में दर्जनों लोगों का नाम खोलते हुए प्राथिमिकी दर्ज किए जाने की मांग की है। यह भी आरोप है कि अखिलेश की पत्नी इस रैकेट में शामिल है और विरोध करने पर तरह तरह की धमकियां देती है। इतना तक कि कुछ लोगों को इसी विरोध के चलते फर्जी मुकद्दमें का शिकार होना पड़ा है। कई पर तहरीरें दे कर आरोप लगाए जा चुके हैं। उक्त शिकायत कर्ता ने हिम्मत करके सारी पोल अपने पत्नी के रैकेट में शामिल लोगों की खोली है। जो कबीले तारीफ और काबिले तफ्तीश दोनो है। गांव के लोग भी उक्त महिला के घर में अंगूर की बेटी और गर्म गोश्त के शौकीनों की आवाजाही से परेशान और भया क्रांत थे। आरोप है कि उक्त महिला का रैकेट कई महिलाओं युवतियों से और गैर जनपद तक के लोगों से है जो यह गोरख धंधा चलाती रही। और अवैध कमाई करती कराती रही। बाहर से भी लड़किया इस गांव में आती और बाहर भी यहां से भेजी जाती हैं की शिकायत उसके पति अखिलेश कुमार ने एक वीडीओ वायरल में दर्शाया है।

वाह रही पुलिस... वाहवाही और प्रमोशन के चक्कर में खा गई गच्चा

घर से उठाए थे कौशांबी में फर्जी मुठभेड़ दिखाया था, एक दर्जन पुलिस कर्मियों पर एफआईआर

कोरांव। उत्तर प्रदेश में कथित मनबढ़ पुलिस वालों ने मुख्य मंत्री की पीठ थप थप वाने के चक्कर में थाना कोरांव हनूमानगंज निवासी एक व्यक्ति को घर से उठा कर वाहवाही के लिए की गई हत्या और जिला कौशांबी में दिखाया गया फर्जी इनकाउंटर अब बावले जान बन गया है। अदालत में वक्त जरूर लगा किंतु दोषी पुलिस एसओजी टीम को हत्या का मुकद्दमा दर्ज करने का आदेश जारी हो ही गया। आरोप है कि इस मामले में उक्त पुलिस वालों ने मृतक के घर वालों को तरह तरह की धमकियां भी दी थी कि यदि कहीं शिकायत किए तो अंजाम बुरा होगा। ईतना तक कि कचहरी प्रयागराज में शिकायत करने वाली मृतक की माता बहन और पिता को प्रताड़ित भी कराया था। दरअसल कोरांव थाना इलाके के ग्राम हनुमानगंज पैतिहा निवासी विजय कुमार सोनी 25 वर्ष पुत्र नारायण दास सोनी को 10 सितंबर 2023 को घर में घुस कर थाना चरवा पुलिस एस ओ जी टीम जबरन मारते पिटते उठा ले गई थी। जिसकी सूचना तत्काल उचित माध्यम से जिम्मेदार अफसरों तक अंजू देवी सोनी माता द्वारा दी गई थी। फिर क्या था चरवा थाने में 8 सितंबर 2023 को हुई एक सोनार के जेवरात की लूट घटना में स्वजातीय अपराधी मुलजिम की तलाश हुई, जो विजय सोनी को बलि का बकरा बनाया गया। और 12 सितंबर 2023 को चरवा में उठाए गए विजय सोनी को गोली मार दी। और उसे इनकाउंटर दिखा दिया। जिसकी एसआरएन प्रयागराज में भर्ती के दौरान 21सितंबर को मौत हो गई।अंजू देवी सोनी ने पुलिस आयुक्त सहित तमाम अधिकारियों को कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र दिया। किंतु मामला पुलिस से जुड़ा होने के नाते कोई ध्यान नहीं दिया गया। तब जाकर सीजेएम प्रयागराज की अदालत में एफआईआर दर्ज किए जाने की दरख्वास्त नियमानुसार दाखिल हुई,साल भर करीब होते होते अदालत ने दोषी पुलिस टीम को मुकद्दमा दर्ज करने का हुक्म दे ही दिया।

फर्जी आरोपी इनकाउंटर वाली पुलिस एसओजी टीम : विनोद कुमार सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक चरवा कोशांबी, सिद्धार्थ सिंह एसओजी प्रभारी जिला कौशांबी, सुशील कुमार यादव उप निरीक्षक चरवा थाना,सिपाही अनिल यादव, भानू प्रताप सिंह, रामजी पटेल,एस आई अयोध्या प्रसाद, आशीस तिवारी, शिवांक गौतम, एस आई रविशंकर यादव,सिपाही राधे श्याम,रवि शंकर। इसी तरह पुलिस की फर्जी इनकाउंटर की पोल खुलती जा रही है। कई जनपदों में ऐसा मामला देखा गया,जितने इनकाउंटर हुए सभी में पैर में गोली मारी जाती है। लगता है सभी इनकाउंटर में पैर में ही गोली पहचानती है। और जो जिंदा नहीं रहता वह बताएगा कैसे की मुझे पहले ही निपटा दिया गया है। किंतु विजय सोनी की बांह में घर से उठने और फर्जी माल बरामद दिखाया जाना फिर गोली मांरना अस्पताल में भर्ती किया जाना पोस्ट मार्डम तक के सफर में कई कमियां लापरवाही फर्जी कहानी की दर परत खुल रही पोल समय समय पर दी जा रही सूचनाओं को और सोशल मीडिया में प्रचारित घटना का ताल मेल न होना फर्जी इनकाउंटर की दास्तान सामने आ ही गई। चर्चा है कि बीच में काफी सुलह समझाते की भी बात प्रकाश में आई किंतु मृतक की मां अंजू देवी सोनी ने अपने जिगर के टुकड़े को अपनी आंखों के सामने घर से पुलिस वालों को जबरन उठा कर मारते पिटते ले जाते हुए कौशांबी में फर्जी इनकाउंटर तक के सफर में निरंतर खुद पैरवी और आती जाती रही,और दरवाजा अदालत का खटखटाया और कोर्ट ने आदेश जारी किया। फिलहाल इस महान पुलिस वालों को इतनी बुजदिली के साथ अपने स्वार्थ के लिए हत्या कर मुठभेड़ दिखाया जाना मानवता को शर्मशार तो करता ही है। साथ ही पुलिस की इस तरह की कार्यवाही पुलिस के अधिकार और कर्तव्य पर सवालिया निशान जरूर लग गए। वैसे भी ऊपर वाला भी देख रहा होता है। इसी महीने में दस सितंबर से लेकर 21 सितंबर 2023 की घटना के बाद मृतक विजय सोनी की पोस्ट मार्टम से घर हनुमानगंज रात्रि तक भारी पुलिस बल और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की छत्र छाया में पहुंचा शव क्षेत्रीय आम जनों के समझाने बुझाने के बाद दाह संस्कार हुआ था। और मृतक के मां बहनों रिश्तेदारों ने बहाने से ले जा कर मार डालने की घटना पर बहुत सरापा कोशा था।

न्यूज झरोखा

विकास कार्य तय मानक के साथ हो गुणवत्ता पूर्ण- अरविंद सिंह पटेल

पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने फूलपुर में सीएचसी,नगर पंचायत व ब्लाक का किया निरीक्षण

फूलपुर। विकास कार्य तय मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण हो जिससे उसकी उपयोगिता लम्बी अवधि तक बनी रहे। यह बातें गुरुवार को फूलपुर में ब्लाक व नगर पंचायत का निरीक्षण करते हुए पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अरविंद सिंह पटेल ने अधिकारियों के बीच कही। सीएचसी फूलपुर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जहां मरीजों का हाल जाना वहीं अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए उन्होंने कहा की क्षेत्र का विकास ऐसा हो की हर ब्यक्ति उससे लाभान्वित हो। कहा की मानक व गुणवत्ता को दरकिनार करने पर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी की जाएगी। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव, अधिशासी अधिकारी,बीडीओ फूलपुर एच वर्मा, सीएचसी प्रभारी के साथ ही नगर पंचायत व विकास खण्ड के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

बाबूगंज में अरविंद सिंह पटेल का हुआ जोरदार स्वागत

फूलपुर। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अरविंद सिंह पटेल के फूलपुर भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बाबूगंज में भाजपा नेता सुरेश विश्वकर्मा व जिला मंत्री अशोक चौधरी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा के जिला मंत्री अशोक चौधरी ने उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। मौके पर मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता,भोला गुप्ता, विजय पाल,अपना दल एस नेता जंग बहादुर पटेल, राहुल विश्वकर्मा, मोनू साहू, गौरव जयसवाल, राजकुमार मोदनवाल, अविनाश सिंह पटेल सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रोजगार सेवकों ने ब्लॉक परिसर में एडीओ एसटी को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

मांडा। ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर एडीओ (एसटी) को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर समस्याओं को निस्तारण करने की मांग की। जिसमें पंचायत मित्र वेलाफेयार एसोसिएशन तत्वाधान में गुरूवार को मांडा ब्लॉक परिसर में रोजगार सेवक अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर यादव ने एडीओ एसटी सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंप कर रोजगार सेवकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निम्न बिंदुओं पर रणनीति तय करने मांग की गई। मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार न होने पर आगामी 9 सितंबर को जनपद के समस्त विकास खण्डों में ग्राम रोजगार सेवकों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी महोदय को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को भी सौंपा जाएगा। साथ ही आगामी 30 सितंबर को जनपद के समस्त रोजगार सेवक जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। वहीं एप में आएं दिन तकनीकी खराबी के चलते श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज न होने से उक्त दिवस की मजदूरी का भुगतान करने में समस्या उत्पन्न होती है ऐसी स्थिति में उन्न गुणवत्तायुक्त एंड्राइड मोबाइल एवं रिचार्ज की व्यवस्था करने की मांग की। मौके पर भोला नाथ पांडेय तकनीकी सहायक, दिनेश कुमार पांडेय, महेश कुमार गौड़ कंप्यूटर आपरेटर, रवि शंकर यादव, मिश्री लाल पटेल, संतोष कुमार बिंद, अवधेश कुमार अभय राज प्रेम कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

करछना की चार छात्राओं का मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता में हुआ चयन

करछना। जिला स्तरीय बालिका वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन जिले के रमा देवी बालिका इण्टर कॉलेज मीरापुर में गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता के दौरान अलग अलग भार वर्ग के 9 खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ।जिला स्तरीय बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन रमा देवी बालिका इण्टर कॉलेज मीरापुर में हुआ। प्रतियोगिता में करछना की चार छात्राओं का चयन हुआ। जिसमें सभी छात्राएं श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज अकोढ़ा की थी। जूनियर बालिका वर्ग में करछना की रेशमी यादव और शालू साहू वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में साधना पटेल और आकांक्षा यादव का चयन हुआ। वहीं नगर दक्षिणी से हिमांशी जायसवाल,रिया कपारिया, लीला प्रजापति और आकांक्षा का जबकि कोरांव से ज्योति सिंह का चयन मण्डल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ। कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन रमा देवी इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ सोनी यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। खेल निर्णायक के रूप में विमलेश पाल एवं अल्का अरोरा मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान खेल शिक्षक प्रतिभा यादव,राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,अवधेश सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। खेल शिक्षक राजेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में जिले से चार तहसील की टीमों ने प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री स्मार्टफोन का सदुपयोग करके अपने भविष्य को संवारें - पंडित हृदय नारायण शुक्ल

धनूपुर। पंडित रमाकांत शुक्ल महाविद्यालय शुकुलपुर, गिर्दकोट में बीए, बीएससी अंतिम सेमेस्टर के छात्र, छात्राओं को तकनीकी तौर पर स्मार्ट बनाने के लिए गुरुवार को स्मार्टफोन वितरित किया गया। महाविद्यालय के संरक्षक पंडित हृदय नारायण शुक्ल ने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने कैरियर के लिए सही इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए कहा कि डिजिटल युग में अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्मार्टफोन का होना आवश्यक है स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता का सार्थक परिणाम है मुख्यमंत्री स्मार्टफोन का सदुपयोग करके अपने भविष्य को संवारें। अध्यक्षता कर रहे प्रबंध समिति के अध्यक्ष पंडित सुरेश नारायण शुक्ल ने कहा कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी ऑनलाइन शिक्षा एवं अध्ययन सामग्री प्राप्त करने में आसानी होगी। प्रबंधक देवेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री स्मार्टफोन टैबलेट योजना चलाई है। इस अवसर पर शिक्षकों में सभापति शुक्ल, सर्वजीत सिंह, लालता प्रसाद, दिनेश पांडेय, शशिकांत दुबे, उमेश गौड़, मनीष, राहुल, अतुल, सोनू सिंह, विजय कुमार, राकेश, मिथिलेश एवं छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग ने जिला जेल व सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

महिला बंदियों से उनके खान-पान, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, संगीत व अन्य बिंदुओं के बारे में ली जानकारी

सखी-वन स्टॉप सेंटर का भवन उपयोग हेतु उपयुक्त न पाये जाने पर तत्काल सेन्टर को अन्य भवन में स्थानान्तरित करने के दिए निर्देश

प्रयागराज। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ममता कुमारी द्वारा अपने सहयोगी सुश्री सलोनी प्रभाकर, साइकोलाजिस्ट, राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ तीन दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान 11 सितम्बर, 2024 को जिला जेल व सखी-वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। जिला जेल का निरीक्षण करते हुये महिला बंदियों से वर्ता की गयी तथा उनके खान-पान, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा व संगीत के विषय में जानकारी ली गई। महिला कैदियों द्वारा गीत संगीत का गायन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला कैदियों के बच्चो को खिलौने, फल आदि समाग्री वितरित की गई तथा जिला जेल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिया गया। इसी प्रकार पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं को एक छत के नीचे समस्त आवश्यक सुविधाये उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित सखी-वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। सेन्टर का भवन पुरानी होने के कारण उपयोग हेतु उपयुक्त न पाते हुये तत्काल सेन्टर को अन्य भवन में स्थानान्तरित करने के निर्देश दिये गये। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु सेन्टर मैनेजर को निर्देशित किया गया। साथ ही सदस्य द्वारा पीडित महिलाओं के गहन काउंसलिंग व विस्तृत केस डायरी बनाने, अभिलेखों के रख-रखाव तथा कार्यरत स्टॉफ के प्रशिक्षण की आवश्कता पर विशेष बल दिया गया। सेन्टर मैनेजर एंव समस्त स्टॉफ को निर्देशित करते हुये कहा गया कि इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाये कि वन स्टॉप सेंटर में कोई भी केस रजिस्टर्ड होने के बाद उसका समाधान इस तरह किया जाये कि ममला अदालत तक न पहुंचे व समस्या का समाधान सखी-वन स्टॉप सेंटर में ही हो जाये।

एक ही कमरे में पति सोता रहा पत्नी फंदे पर लटक कर दे दी जान

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर गाँव में बुधवार की रात एक ही कमरे में पति सोता रहा पत्नी फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदरेपुर, बड़गांव निवासी रामकरन पासी अपनी पुत्री एकता की शादी 11 माह पहले अजय पासी से की थी। दोनों पति पत्नी बुधवार की रात एक ही कमरे में सोये। लेकिन पत्नी ने फंदे से लटक कर उसी कमरे में जान दे दी। लेकिन पति को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह नींद खुली तो फंदे से एकता को लटकी देख अजय शोर मचाया। मौके पर पहुंचे मायके के लोगों ने किसी भी कार्यवाही से इंकार कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गणपति विसर्जन एवं बारावफात के जलुस को लेकर पीस कमेटी की बैठक

नैनी। नैनी कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई, बैठक संचालन घनश्याम जायसवाल ने किया बारावफात के जुलूस को लेकर अलग अलग एरिया से आये कमेटी के प्रतिनिधि एवं पार्षद राकेश जायसवाल पार्षद रणविजय सिंह वीजेपी के नेता सपा के नेता सुभाष केसरवानी एवं वारावफात जुलूस कमेटी के लोगो ने अपने जूलूस के बारे में एवं अपनी समस्यायों से प्रभारी निरीक्षक नैनी कोतवाली एवं पार्षदों को अवगत कराया, जगह जगह सड़के खुदी होने से जुलूस को ले जाने में होने वाली दिक्कतो से अवगत कराया। उसी दिन गणपति विसर्जन भी होना है। उस पर भी चर्चा की गयी जिससे दोनो कार्यक्रम को अलग अलग समय पर शांति एवं सद्भाव से पूरा किया जा सके। प्रभारी निरीक्षक नैनी ने सभी को लिखित मे सारी समस्या को देने की बात कहीं और मौके पर जाकर सभी समस्याओं का समाधान स्वयं एवं सम्बधित विभागों से करवाने का अश्वासन दिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह इंस्पेक्टर क्राइम साजिद अली एवं सभी चौकी इन्चार्ज व पीस कमेटी के लोग उपस्थित रहें। बैठक मे एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसम्पर्क शेखलियाकत अली सगठन सचिव रविन्द्र सिह एरिया इन्चार्ज प्रदीप कुमार संजीव वर्मा सुशील शर्मा सरोज सिंह अंकित केसरवानी इकराम उल्ला सुरेन्द्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

मामा ने भांजे की मौत का उसके परिवार पर लगाया आरोप

कौंधियारा। सेमरा घूरपुर निवासी ओमप्रकाश ने बुधवार को कौंधियारा थाना में शिकायती पत्र दिया। उसने बताया कि उसकी बहन का विवाह बकरावां गांव के पंचराज के साथ हुआ था। जल्द ही उसके जीजा की मृत्यु हो गयी। उसके भांजे विकास विश्वकर्मा की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद उसके परिजनों ने ओमप्रकाश के परिवार वालों से यह बात छुपाते रखा। बिना कफन के ही उसी दिन बीकर घाट में उसे प्रवाहित कर दिया। मृतक के चाचा ननकऊ,सुमेश, संजय व अनुज पर विकास को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए कौंधियारा थाना में शिकायत पत्र दिया। उक्त के संदर्भ में अतिरिक्त प्रभारी कौंधियारा राकेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में जल्द ही जांच के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं अखिलेश कुमार सिंह पुत्र जय नारायण सिंह वा मेरी पत्नी सरिता सिंह निवासी जीडी 238 त्रिवेणीपुरम कॉलोनी झूसी प्रयागराज अपने पुत्र राहुल सिंह व पुत्रवधू लकी सिंह के आचरण से त्रस्त होकर उनसे सारा रिश्ता समाप्त करते हुए अपने समस्त चल वा अचल संपत्ति से उपरोक्त दोनों राहुल सिंह वा लकी सिंह को बेदखल कर दिया हूं मेरी संपत्तियों से उपरोक्त दोनों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा मेरे पुत्र व पुत्रवधू द्वारा अगर कोई आपराधिक कार्य किया जाता है को उसकी जिम्मेदारी पुत्र वा पुत्रवधू की होगी

भवदीय
अखिलेश कुमार सिंह व
सरिता सिंह
निवासी जीडी 238 त्रिवेणी
पुरम कॉलोनी झूसी प्रयागराज।

फंदे पर लटकी मिली महिला की लाश, ससुरालयों पर हत्या का आरोप

अखंड भारत संदेश

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोतारी गांव में एक विवाहिता की लाश घर के अंदर फंदे से लटकी पाई गई। मृतका के पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया वहीं ससुरालियों पर मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है बताया जाता है कि हफ्ते भर पहले फूलपुर थाने पर पंचायत के बाद लड़की को विदा कर कर ससुराल वाले ले गए थे। मृतका को 11 महीने की एक बेटी है। फूलपुर के दुर्रवा गांव निवासी रेनू विश्वकर्मा पुत्री स्व. तुलसीराम विश्वकर्मा की शादी 3 वर्ष पूर्व झूंसी के कोतारी गांव निवासी सुनील विश्वकर्मा पुत्र शिवपूजन विश्वकर्मा से हुई है रेनू की मां शोभा देवी ने मामले की लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसकी बेटी को दहेज के लिए ससुराल वाले परेशान करते थे बेटी होने के बाद ससुराल वालों की प्रताड़ना और बढ़ गई और कुछ दिन पहले रेनू के साथ ससुराल वालों ने मारपीट की जिसकी शिकायत फूलपुर थाने में की गई थी हफ्ते भर पहले फूलपुर थाने में पंचायत के बाद ससुराल वालों ने माफी मांगी और बेटी को विदा करके ले गए इसके बाद फिर वही प्रताड़ना शुरू हो गई रेनू की माँ ने पति सुनील, सास, ससुर, ननद, देवर पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना था कि बुधवार की रात हमारी बेटी की की हत्या कर फांसी पर लटका दिया गया और बिना हम लोगों को सूचना दिए शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया गया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोबाइल शॉप का शटर तोड कर चोरों ने की लाखों की चोरी

मऊआइमा। मऊआइमा में चोरों के हौसले बुलंद हैं।बीती रात हाईवे के निकट मोबाइल शॉप की दुकान का शटर तोड कर चोरों ने बडे शातिराना तरीके से लगभग दस लाख का मोबाइल, नगदी,अन्य सामान चोरी करने में सफल रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी मोहम्मद अनवर पुत्र मोहम्मद मकबूल फोरलेन थाना पड़ाव चौराहे पर फैसल मोबाइल शॉप के नाम पर दुकान हैं। बुधवार की शाम मोहम्मद अनवर अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। गुरुवार को सुबह आस पास के दुकानदारों ने फोन से अनवर को बताया कि तुम्हारी दुकान में चोरी हो गई है। देखा तो शटर टूटा हुआ है सारा सामान बिखरा हुआ है सीसी कैमरे का रिकार्डर भी गायब है। बिकने के लिए रखे नये कीमती लगभग पन्द्रह मोबाइल,तथा बीस से पचीस पुराने मोबाइल, दस अन्य मोबाइल, पचीस हजार रूपया नगदी तथा मोबाइल एसेसीरीज स्मार्ट वाच और खरीदे गए मोबाइल का डिटेल्स सहित लगभ नौ से दस लाख की चोरी करने में सफल रहे। भुक्तभोगी मोहम्मद अनवर ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

घर मे मचा था कोहराम युवक निकला जिंदा...

अखंड भारत संदेश

गोताखोरो ने भी छोड़ दी थी उम्मीद...

झूंसी। वो कहते हैं ना जाको राखे साइयां मार सके ना कोई ये पक्ति झूंसी छतनाग के राम निहोर निषाद के परिवार के सामने सच हो कर आई। राम निहोर 45 गुरुवार को गंगा नहाने के दौरान डूब गए उनकी तलाश में घंटो सर्च ऑपरेशन चला गोताखोर और परिवार ने भी उम्मीद छोड़कर घाट से लौट आये शाम को पता चला कि राम निहोर लवायन गंगा घाट पर पड़ा है और जीवित है। छतनाग निवासी राम निहोर गुरुवार की दोपहर छतनाग घाट पर गंगा नहाने गया था। नहाने के दौरान गंगा में उठ रही लहरों में वह फस गया और डूबने लगा लोगों ने शोर मचाया जब तक राहत के लिए लोग आए वह गहरे पानी में समा गया सूचना पर परिजन भी रोते बिलखते घाट पर पहुंच गए वहीं छतनाथ चौकी इंचार्ज कपिल कुमार चहल भी गोताखोरों के साथ घाट पर पहुंचे देर शाम तक राम निहोर की गंगा में तलाश होती रही पर उसका कहीं पता नहीं और सभी राम निहोर के जीवित होने की उम्मीद छोड़कर चुके थे। तभी कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी की नैनी की और लवायन गंगा घाट पर एक युवक मिला है और जीवित है। जल पुलिस स्टीमर से जा कर राम निहोर की पहचान कर झूंसी ले आई।

15 सितंबर को विराट दंगल मेला का आयोजन

उतरांव। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15 सितंबर2024 दिन रविवार को स्वर्गीय राम सुंदर यादव स्मारक समिति के तत्वाधान में ब्लॉक बहादुरपुर के जगतपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास मे विराट दंगल एवं मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। उक्त आशय जानकारी दंगल के प्रबंधक ग्राम प्रधान राजीव कुमार यादव ने दी है।

बेदखली सूचना

मै आगा हसन पुत्र सलाम उद्दीन निवासी चकबाजापुर मंझनपुर जनपद कौशाम्बी अपने होशो हवास में अपने 6 पुत्रों में तीसरे नंबर के पुत्र चांद बाबू के आचरण से त्रस्त हूं चांद बाबू का चाल चलन वाद विवाद आचरण ठीक नहीं है गलत लोगों से संगत होने के चलते कभी भी समाज में घटना कारित कर सकता है जिससे प्रार्थी और प्रार्थी के परिवार की समाज में छवि धूमिल होगी उसे अपने सिवा प्रार्थी से प्रार्थी के परिवार से रिश्तेदारों से कोई लगाव नहीं है ना वह कोई बात मानता है समझाने के बाद चाल चलन में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है जिससे त्रस्त होकर प्रार्थी अपने पुत्र चांद बाबू को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से आज की तारीख से बेदखल कर रहा है और उससे संबंध विच्छेद कर रहे हैं चांद बाबू वा उसके परिवार से मेरा वा मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा यदि चांद बाबू कोई सामाजिक घटना कारित करता है तो उसकी जिम्मेदारी चांद बाबू और उसके परिवार की होगी चांद बाबू को आज से अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल किया जाता है।

आगा हसन पुत्र सलाम उद्दीन
निवासी चकबाजापुर मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

न्यायालय चकबंदी अधिकारी चायल कौशांबी

नोटिस धारा 9क(2)के अधीन पुस्तक संख्या 146 सन 2023 सैय्यद सरावा सरकार बनाम नरेंद्र नाथ आदि वादी राम मूरत शिव मूरत सतीश पुत्रगण जवाहिर निवासी सैय्यद सरावा हाल मुकाम मनौरी तहसील चायल जनपद कौशाम्बी

प्रतिवादिगण मोहम्मद आशिक पुत्र इफ्तखार अहमद उस्मानी निवासी ग्राम लोहरा तहसील चायल जनपद कौशाम्बी वा असफाक अहमद उस्मानी पुत्र आफाक अहमद उस्मानी निवासी सैय्यद सरावा तहसील चायल जनपद कौशाम्बी वा अजय कुमार अरुण कुमार अभय कुमार अतुल कुमार अवध कुमार पुत्रगण दशरथ निवासीगण सैय्यद सरावा हाल मुकाम मनौरी तहसील चायल जनपद कौशाम्बी को सूचित किया जाता है कि मेरे सामने भूमि खाता संख्या 193 के सम्बंध में अधिकार एवं दायित्व के अवधारण करने के लिए 20 सितंबर 2024 को 10:00 बजे स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित हो अनुपस्थित रहने पर वाद का निस्तारण एक पक्षीय रूप से कर दिया जाएगा

हस्ताक्षर मुद्रा सहित जारी

न्यूज झरोखा

खुराना मार्केट में गणेश उत्सव में भक्तों की जुटी रही भीड़

नैनी। नैनी क्षेत्र के शंकरढाल के समीप खुराना मार्केट में चल रहे गणेश उत्सव में छठवें दिन भी पूजा पंडाल में भक्तों की भीड़ एकत्रित रही। वहीं मनमोहक झांकियों के बीच भक्तों का मन मग्न होता रहा। पंडाल में उपस्थित भक्तों ने गणेश जी के जय कारे लगाए। समाजसेवी राजेश साहू ने बताया की कोई भी कार्य करने से पहले लोग भगवान गणेश जी की पूजा करते हैं। उसके बाद ही किसी कार्य का शुभारंभ करते हैं। जिससे की कार्य में किसी भी तरह की बाधा न आने पाए। ढोल की थाप और शंखनाद के बीच भक्तों का उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर समाजसेवी राजेश साहू, डॉ संदीप पाल, लकी, विनोद केसरवानी, रजत दिवेदी, आनंद साहू, समाजसेवी संजय यादव, टुनटुन पांडे, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, राजा केसरवानी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

महाविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का आयोजन

नैनी। नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी रहे। महापौर का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महापौर ने छात्र-छात्राओं को अधिक संख्या में कौशल प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया ताकि अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं रोजगार प्राप्त कर सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन की अध्यक्षता में और रोजगार समिति की प्रभारी प्रोफेसर (डॉ) सुवर्णा सरकार के कुशल दिशा निर्देशन में अधिक संख्या में स्नातक उत्तीर्ण छात्र छात्राओं ने सेवायोजन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत विभिन्न कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को रोजगार प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की रोजगार समिति के समस्त सदस्यों डॉ अनुभा श्रीवास्तव, डॉ पूनम शुक्ला, डॉ अमित मिश्रा और अजय मिश्रा ने छात्र छात्राओं के रजिस्ट्रेशन और अन्य संबंधित कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। महापौर ने छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ भास्कर शुक्ला और डॉ अर्चना राय ने दी।

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न

प्रयागराज। हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न संकायों के 24 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सुश्री पलक वाजपेयी प्रथम, सुश्री रिया गुप्ता द्वितीय तथा सुश्री प्रीति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. किरण सिंह, डॉ. अरविन्द शुक्ला, डॉ. शक्तिनाथ त्रिपाठी तथा डॉ. संजय कुमार भारती ने निर्णायक की भूमिका निभायी। विभागीय सहयोगी डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. सव्यसाची, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. भूपनारायण, डॉ. राजीव कुमार वर्मा, डॉ. आलोक कुमार विश्वकर्मा सहित डॉ. बृजेन्द्र मिश्र, डॉ. राहुल कृष्ण, श्री संतोष कुमार शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

किसान यूनियन के पदाधिकारियों व किसानों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

किसानों की समस्याओं का निस्तारण हमारी शीर्ष प्राथमिकता : डीएम

जिलाधिकारी ने बैठक में प्राप्त प्रत्यावेदनों का शीघ्रता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में किसान यूनियन के पदाधिकारियों व किसानों के साथ कृषि व किसानों से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक में किसान यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा चकबंदी से सम्बंधित, आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाये जाने, धारा-24 के अन्तर्गत दाखिल मुकदमों के शीघ्र निस्तारण, कीटनाशक, खाद व बीज वितरण को सहकारी समितियों के माध्यम से बुआई के समय पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराये जाने, नहरों में सिल्ट की सफाई व पानी की आपूर्ति, आवास-विकास योजना में भूमि अधिग्रहण, टोल प्लाजा पर कृषि वाहनों को टोल फ्री किए जाने, ट्राली के पीछे रिफलेक्टिव प्लेट व लाइट लगाये जाने, सहकारी समितियों में सचिव की नियुक्ति, गरीब किसानों को मुफ्त बिजली व खराब ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द बदले जाने, कोल्ड स्टोरेज में मनमाने तरीके से रेट बढ़ाये जाने, खतौनी अंश निर्धारण हेतु गांव में कैम्प लगाये जाने, जमीन के सर्किल रेट बढ़ाये जाने व गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु तोड़े गये प्राथमिक विद्यालयों के पुर्ननिर्माण हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराये जाने सहित अन्य मांग एवं शिकायत से सम्बंधित प्रत्यावेदन दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक प्रत्यावेदन को लेते हुए उसके निस्तारण हेतु बैठक में उपस्थित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्यावेदनों का जल्द से जल्द निस्तारण एवं मांगो पर प्रभावी कार्यवाही कराते हुए सम्बंधित किसानों एवं पदाधिकारियों को अवगत भी कराया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगो की समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक आयोजित कर उनका समाधान कराया जायेगा। बैठक में उप निदेशक कृषि के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जाता है और किसान दिवस में कृषि एवं किसानों से जुड़ी आयी हुई समस्याओं का समाधान कराया जाता है। बैठक में आवारा पशुओं से सड़कों पर दुर्घटना एवं फसलों के नुकसान के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जनपद में और गौ संरक्षण केन्द्र बनाये जा रहे है, जहां पर उन्हें संरक्षित किया जायेगा।

धारा-24 के दाखिल मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के विषय में अपर जिलाधिकारी नगर के द्वारा बताया गया कि शासन स्तर पर इसकी मानीटरिंग की जा रही है और ज्यादा से ज्यादा मुकदमों को निस्तारण हो रहा है। नहरों की सिल्ट की सफाई के विषय में बताया गया कि सिल्ट की सफाई रबी की फसल के पूर्व की जाती है और नहरों में पानी की आपूर्ति रोस्टर के अनुसार की जा रही है। बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा किसान यूनियन के पदाधिकारियों से ट्रालियों के पीछे रिफलेक्टिव प्लेट लगाये जाने हेतु ज्यादा से ज्यादा किसानों को जागरूक किए जाने के लिए कहा। बैठक में बताया गया कि सहकारी समितियों में यदि सचिव की संख्या कम है, तो उनका रोस्टर के अनुसार कार्य आवंटित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को खराब होने वाले ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समयावधि में बदलने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु तोड़े गये प्राथमिक विद्यालयों हेतु उपयुक्त स्थान चिन्हित करते हुए जमीन उपलब्ध कराये जाने के लिए शीघ्रता के साथ आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने भूमिहीन कृषक को आवासीय पट्टा दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं काफी संख्या में आयें हुए किसानों से कहा कि आपकी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराना हमारी शीर्ष प्राथमिकताओं में है। आज की बैठक में आपके द्वारा जो भी प्रत्यावेदन दिए गए है, उसपर शीघ्रता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर किसान यूनियन के मण्डल अध्यक्ष बब्लू दुबे, जिलाध्यक्ष सनी शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी एवं किसान, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, भूमि अध्याप्ति अधिकारी रमेश मौर्या, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बाग में पेशाब करने पर घर पर चढ कर कई को मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। बालक ने बाग में पेशाब कर दिया जिससे क्षुब्ध विपक्षियों ने घर पर चढ कर कई को मारे पीटे और पत्थराव किए। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासी शेर बहादुर पुत्र राम नगीना चौहान का कहना है कि उनका बेटा लालबाबू 12 वर्ष बाग में पेशाब कर दिया। शेर बहादुर का आरोप है कि जिससे विपक्षी लाठी डंडा लेकर उसके घर पर चढ आए उसे और परिवार के सोमू सिंह, हरिकेश को मारे पीटे ईट पत्थर चलाए।शेर बहादुर ने मऊआइमा थाना में सन्तोष कुमार, चन्द्रकेश,राम सुमेर,राज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मंझनपुर, कौशाम्बी

पत्रांक संख्याः 612 (1)/ न0पा0परि0मं0/2023-24 **कोटेशन सूचना** दिनांक 12 सितम्बर 2024

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर, जनपद–कौशाम्बी में डोर टू डोर कलेक्शन के माध्यम से एकत्र किये गये कबाड़/गत्ता, प्लास्टिक बोतल, लोहा, टीन, जूता, चप्पल, पॉलीथीन इत्यादि का विक्रय किया जाना है जिसके लिये दिनांक 18.09.2024 को समय 02.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। जो उसी दिन कोटेशनदाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोला जायेगा।

अतः सभी संबंधित फर्म /इच्छुक व्यक्ति समय से अपना कोटेशन सीलबन्द लिफाफे में नगर पालिका परिषद मंझनपुर जनपद कौशाम्बी के कार्यालय में लेखा लिपिक को देना सुनिश्चित करें। समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक फर्म/व्यक्ति खोरा स्थित एम0आर0एफ0 सेन्टर पर जाकर सामग्री को स्वयं देख लें तत्पश्चात कोटेशन दर प्रस्तुत करें। प्रत्येक वस्तु का अलग–अलग दर प्रस्तुत करना अनविार्य होगा जिसको सम्मिलित करके अधिकतम दर प्रस्तुत करने वाले फर्म/व्यक्ति का कोटेशन/दर स्वीकार किया जायेगा। सशर्त कोटेशन मान्य नहीं होगा। किसी भी कोटेशन/समस्त कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार नगर पालिका प्रशासन में निहित होगा अधिक जानकारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर के कार्यालय में लेखा लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मंझनपुर–कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मंझनपुर–कौशाम्बी

कंधई क्षेत्र में अधिवक्ता को मारी गोली, घायल

प्रतापगढ़। जिले के कंधई थाना क्षेत्र के मजिस्ता गांव के रहने वाले अधिवक्ता प्रदीप चतुर्वेदी को घर के कुछ दूर पर ही बुधवार की शाम कचहरी से घर लौटते समय बाइक सवार लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घायल अधिवक्ता को उपचार के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि फायरिंग के बाद अधिवक्ता हमलावरों से भिड़ गये थे और लोगों की भीड़ आ गई थी। यह देखकर हमलावर भाग खड़े हुए। घटना की सूचना पाते ही सीओ पट्टी आनंद राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर कंधई थाना पुलिस को निर्देश जारी किये। घटना स्थल पर दो खोखे भी बरामद हुए हैं। पुलिस फारेंसिक टीम के साथ मामले की जांच में जुटी है। इस घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने आज मुख्यालय पर हड़ताल की तथा पुलिस के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक हमलावर पकड़े नहीं जाते, वह कार्य से विरत रहेंगे।

उत्कृष्ट कार्य करने पर नगर पालिका को मिला प्रेज पुरस्कार

पालिका में कार्यरत कर्मचारियों को ईओ ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगरपालिका बेल्हा को उत्कष्ट कार्य के लिए उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम प्रेज पुरस्कार प्रदान किया गया।

नगर विकास विभाग द्वारा भारत सरकार के द्वारा प्रदान किये जाने वाला रेहडी, पटरी ठेला खुमचा लगाने वाले कमजोर वर्ग के लिए यह प्रधान मंत्री स्वानिधि योजना के अनतर्गत लोन प्रदान किया जाता है जबकि इस लोन में प्रथम किश्त में दस हजार रूपये का लोन प्रदान किया जाता है, जबकि प्रथम लोन अदा करने के बाद द्वितीय किश्त लोन में बीस हजार रूपये दिया जाता है।

प्रेज प्रमाण पत्र के साथ नगर पालिका के अधिकारी।

बीस हजार अदा करने के पश्चात् तृतीय किश्त लोन पचास हजार प्रत्येक लाभाथियों को प्रदान किया जाता है। इस प्रकार इस योजना का लाभ लाभाथियों को दिलाये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा नगरपालिका बेल्हा प्रतापगढ़ को प्रेज पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम लोन धनराशि दस हजार रूपये 27064 लाभाथियों को क्रमश द्वितीय लोन धनराशि बीस हजार रूपये लाभाथियों की संख्या-979 एवं तृतीय 188 लाभाथियों को पचास हजार रूपये का लोन दिलाने का कार्य नगरपालिका बेल्हा प्रतापगढ़ द्वारा किया गया। यह पुरस्कार प्राप्त करने के लिए तीन सदस्या समिति जिसमें अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह एवं राजस्व निरीक्षक राजेश बिन्द को सयुक्त रूप से नगर विकास मन्त्री अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा समारोह में लखनऊ में प्रदान किया गया।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद अधिशाषी अधिकारी द्वारा प्रधान न्त्री स्वानिधि योजना के अन्तर्गत पालिका में कार्यरत शशांक श्रीवास्तव, अशुतोष श्रीवास्तव, आदित्य कुमार एवं अभिषेक गौतम तथा नगर वासियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया गया तथा सभी नगर वासियों से अपील किया गया कि इसी प्रकार से उत्कृष्ट सहयोग से हम नगर वासियों को निरन्तर उध्यम प्रदान कर सकते हैं।

कबड्डी में सिपाहमहेरी और खजुरनी की टीम जीती

खो-खो प्रतियोगिता में आजमाइश करती छात्राएं।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर गुरूवार को ब्लाक सदर में न्याय पंचायत स्तर हुई बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।

अपने प्रदर्शन से लोगों को तालियां बजाने को मजबूर किया। लोग बच्चों का उत्साह वर्धन करते रहे। कबड्डी बालक में सिपामहेरी और खजुरनी की टीम विजई रही। खो, खो बालिका में शंकरगंज, कंपोजिट विद्यालय कटरा मेंदानीगंज और सराय बहेलिया विद्यालय के खिलाड़ी जीते। खेल प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने में पीटीआई शैलेंद्र सिंह, अशोक मिश्र, मनोज रावत, उमेश, राकेश, राजेश कुमार, प्रभुकर, अरविंद नजमा, रामलखन और सुशील समेत कई खेल टीचरों का सहयोग रहा। सदर ब्लाक के व्यायाम टीचर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सिपाहमहेरी, राजगढ़, भुपियामऊ और राजापुर न्याय पंचायत के स्कूलों ने खेल में प्रतिभाग किया।

शिकायतें डिफाल्टर होने पर पांच अधिकारियों को दी गयी प्रतिकूल प्रविष्टि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/ योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की योजनाओं में रैकिंग ठीक नही है वह रैकिंग ठीक कर लें अन्यथा की स्थिति में आगामी माह में विभागों की रैकिंग ठीक नही पायी जायेगी उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

उन्होने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 310 शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में है तथा 15 शिकायतें असंतोषजनक है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एसडीएम कुण्डा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता विद्युत खण्ड सदर, जिला पंचायत राज अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी बिहार को प्रतिकूल प्रविष्टि हेतु निर्देशित किया किया। उन्होने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर यदि अगले माह में रैकिंग ठीक नही हुई तो और शिकायतें डिफाल्टर हुई तो सम्बन्धित अधिकारी की इन्क्रीमेन्ट रोकने की कार्यवाही की जायेगी। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यदि एक सप्ताह से ज्यादा किसी प्रकार की जांच या प्रार्थना पत्र लम्बित पाये जायेगें तो कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी ए0एन0 प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

पानी भरने गई चाची को भतीजे ने पीटा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। नल पर पानी भरने गई चाची को भतीजे ने लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के लवेदा गांव की रहने वाली गीता देवी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि वह बृहस्पतिवार की सुबह नल पर पानी भरने के लिए गई थी, इसी बीच जेठ का बेटा वहां पर आया और वाद विवाद करने लगा इस दौरान वह लाठी डंडों से चाची को मारने-पीटने लगा। आस पड़ोस के लोगों के बीच बचाव से किसी तरह उसकी जान बची। मामले में पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

जोगापुर और कटकावली की टीम बनी चैंपियन

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लगाया जोर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर ब्लाक सदर में न्याय पंचायत स्तर हुई बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय जोगापुर और कटकावली की टीम ने चैंपियन शिप जीती। खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया गया।

करनपुर न्याय पंचायत अंतर्गत कादीपुर संविलियन विद्यालय में हुई प्रतियोगिता में पचास मीटर दौड़ बालक वर्ग में उबैद बालिका वर्ग में प्रियंका सौ मीटर बालिका वर्ग में शिखा प्रजापति, सौ मीटर बालक वर्ग विकास गौतम प्रथम स्थान प्राप्त किए। लंबी कूद में प्राथमिक वर्ग में ऋषभ और उच्च प्राथमिक बालक वर्ग विकास गौतम प्रथम आए। यूपीएस बालक कबड्डी में जोगापुर और प्राथमिक वर्ग में किशुनदासपुर की टीम विजेता रही। कादीपुर की प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटा। वहीं दूसरी तरफ भुवालपुर डोमीपुर न्याय पंचायत अंतर्गत हुई प्रतियोगिता का उदघाटन समाजसेवी अशोक सिंह और प्रधान प्रतिनिधि प्रेम शंकर ने किया। मुख्य अतिथि अशोक सिंह ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में यूपीएस बालक कबड्डी में कटकावली बालिका में भुवालपुर, पीएस बालक में कटकावली, बालक खो खो यूपीएस में भुवालपुर विजेता रही। पचास मीटर बालक वर्ग में सागर, सौ मीटर रेस में मनीष, बालिका वर्ग पचास मीटर में स्नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता की सकुशल संपन्न कराने में पीटीआई शैलेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रामजीत, एहतशाम, रामकुमार यादव समेत कई निर्णायक मौजूद रहे। सीनियर लांग जंप में जोगापुर की टीम का ही दबदबा रहा। फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड तीनों पोजीशन इसी स्कूल के खिलाड़ियों के नाम रही। गेम टीचर राजेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। हमारे खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ीगण।

दबंगों ने बीच बाजार छात्र को पीटकर सर फोड़ा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। नगर स्थित राम राज़ इंटर मीडिएट कालेज में पढ़ाई करने आए एक छात्र को दबंगों ने बीच बाजार पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। बता दें कंधई थाना क्षेत्र के धूती गांव के रहने वाले राजेश तिवारी का बेटा कृष्णा तिवारी कस्बे में स्थित राम राज इंटर मीडिएट कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। आरोप है कि दोपहर डेढ़ बजे विद्यालय में छुट्टी होने पर घर के लिए जा रहा था। वह जैसे ही विद्यालय से बाहर निकला पहले से घात लगाए बैठे चार दबंगों ने उसे लाठी-डंडे व धारदार हथियार से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं बेखौफ दबंग भीड़ का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी तो कस्बा इंचार्ज इंद्रेश कुमार प्रजापति मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर पीड़ित की तहरीर पर मेडिकल परीक्षण को भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं सभी आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। आरोपियों की पहचान कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव निवासी के रुप में हुई है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया तहरीर मिली है, घायल का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है, जल्द ही आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कुण्डा पुलिस ने पकड़ा लाखों का विस्फोटक, पटाखे व बारूद बरामद, शेखपुर के पास से हुयी बरामदगी

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के शेखपुर आशिक से लाखों रुपये मूल्य का विस्फोटक पकड़ा है, जहाँ से उक्त विस्फोटक पकड़ा गया है उससे चंद कदम दूर एक लायसेंसी पटाखा बनाने वाली इकाई है।

वाहन चेकिंग के दौरान वाहन से उक्त विस्फोटक पकड़ा गया जिसे पुलिस सीज़ करके थाने ले आयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नौ पेटी निर्मित पटाखे और भारी मात्रा मे बारूद और गंधक बरामद हुआ है। पुलिस की इस कार्यवाई से बिना लाइसेंस पटाखा बनाने के काम मे लगे लोगों मे हड़कंप मचा हुआ है। आने वाले दिनों मे दीपावली का त्योहार है जिसके चलते ऐसी गतिविधियों मे तेजी की आशंका बनी रहती है।

पुलिस द्वारा पकड़ा गया लाखों का पटाखा।

बताते चलें की शेखपुर से कुछ साल पहले भी भारी मात्रा मे पटाखा पकड़ा गया था। आज फिर उसी स्थान से दस कदम दूर विस्फोटक का पकड़ा जाना ये बताने के लिए काफी है की पटाखा बनाने वाले एडवांस मे सक्रिय हो गये है। यही नही पकड़ा गया विस्फोटक कही उसी सिंडीकेट का तो नही है? पुलिस द्वारा जब्त किये गये विस्फोटक को कौन मंगवाया है इसकी जाँच मे पुलिस जुट गयी। वैसे इससे इंकार भी नही किया जा सकता कि बरामद माल किसी न किसी लाइसेंसी का है। अब ये सवाल बनता है कि जहाँ एक लाइसेंसी निर्माता है और उसके आसपास यदि किसी भी प्रकार के विस्फोटक की बरामदगी होती है, तो संदेह तो बनता है की कहीं वही मछली तो नही है। पुलिस की जाँच मे मामला खुलकर सामने आएगा लेकिन इतने भारी मात्रा मे विस्फोटक का बरामद होना व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने के लिए काफी है की ये बारूद सिर्फ पटाखे बनाने के लिए आया था या इसका कुछ और भी मकसद है? फिलहाल कुण्डा पुलिस ने पीठ थपथपाने वाला काम किया है।

बीएसए ने प्रधानाध्यापक पर आरोपों की जांच के बाद किया निलम्बित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने मानधाता ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गौरा के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार गुप्ता के बारे में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नौ आरोपों की आख्या मिलने के बाद तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। प्रधानाध्यापक पर आरोप है कि एफएलएन प्रशिक्षण में अपनी अनियमित उपस्थिति छिपाने के लिये हस्ताक्षर पंजीकरण में कूटरचना करना, शिक्षक डायरी, शिक्षक संदर्शिका व टीएलएम सामग्री का शिक्षण कार्य में प्रयोग न करना, कम्पोजिट ग्राण्ट, खेल सामग्री की खरीद व उपयोग में बिल बाउचर प्रस्तुत न करना, प्रायः विद्यालय में उपस्थित न रहना, एमडीएम पंजिका में उपस्थित छात्रों के सापेक्ष भोजन ग्रहण करने वाले बच्चों की संख्या में कूटरचना करना, विद्यालय में 76 छात्रों के सापेक्ष 12 बच्चों को डीबीटी के माध्यम से धनराशि प्रेषित नहीं करना, विभागीय आदेशों की अवहेलना करना, अपने दायित्वों व कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन न करना, सरकारी कर्मचारी आचरण के सर्वथा विरुद्ध कार्य करने का आरोप है।

चेन्नई के राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य

तमिल महाकाव्य शिलाप्पधिकारम् का अवधी में कर रहे हैं अनुवाद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारत सरकार से वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्थान सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लासिकल तमिल चेन्नई (तमिलनाडु) के आमंत्रण के अनुपालन में साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न इंस्टीट्यूट की सात दिवसीय तिरुक्कुरल अनुवाद-राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे। संगोष्ठी के विषय राष्ट्रीय भाषाओं के साहित्य में तिरुक्कुरल का प्रभाव, तिरुक्कुरल की प्राचीनता तथा तिरुक्कुरल के सिद्धांत। यह संगोष्ठी 03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2024 तक होगी। प्रथम दिवस उद्घाटन का होगा तथा तीन सत्र भी होंगे। अन्य दिनों में प्रतिदिन छह सत्र की दर से कुल तीस सत्र होंगे। सभी प्रतिभागियों को दो दिवसीय भाषा-पर्यटन पर ले जाया जाएगा। अंत में समापन समारोह का आयोजन भी होगा। इंस्टीट्यूट की ओर से सभी दिनों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था की जाएगी। बता दें कि डॉ.दयाराम मौर्य दो अक्टूबर को पूर्वान्ह साढे ग्यारह बजे प्रयागराज के बमरौली हवाई अड्डे से रवाना होंगे। इस उपलब्धि पर बाहर तथा जनपद के प्रबुद्धजनों, तमिल-हिंदी-अवधी विद्वान डॉ. एम. गोविन्द राजन, कोलकाता की सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. रेशमी पाण्डा मुखर्जी, साहित्य भूषण हरीलाल मिलन, विज्ञान भूषण विजय चितौरी, रायबरेली के हिंदी मर्मज्ञ डॉ. संतलाल, लोकभूषण डॉ. आद्याप्रसाद सिंह प्रदीप, समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, राम लखन प्रजापति लखन प्रतापगढ़ी, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, अनिल कुमार निलय आदि ने डॉ. रत्न को बधाई तथा मंगलकामना की।

आमंत्रण पत्र के साथ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की तैनाती से न्यायिक व्यवस्था होगी सुदृढ़ः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लालगंज क्षेत्र को न्यायिक व्यवस्था के तहत एडीजे कोर्ट संचालन की बड़ी उपलब्धि को स्वागत योग्य कहा है। उन्होनें इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्ड पीठ के न्यायिक निर्णय के तहत लालगंज सिविल कोर्ट में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति को कमजोर तथा संसाधनविहीन गरीब जनता के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि ठहराया। गुरूवार को लालगंज कैम्प कार्यालय में हुई पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज सिविल कोर्ट में एडीजे तथा न्यायिक स्टाफ की तैनाती की राजाज्ञा निर्गत होने से त्वरित एवं सुगम न्याय के सर्वोच्च न्यायालय की अवधारणा को मजबूती मिल सकेगी। लालगंज कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होने कहा कि किसान न तो सही बीज पा रहा है और न ही उसे फसल की कीमत में लागत ही मिल पा रही है। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी सुनी। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, डॉ. अमिताभ शुक्ल, आशीष उपाध्याय, दृगपाल यादव, सुधाकर पाण्डेय, महेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह परिहार, पप्पू तिवारी, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा, शेरू खां, दारा सिंह, आशीष कौशल, पन्ने लाल पाल, धीरेन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

कार्यकर्ताओं से मिलते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

पीबी इंटर कालेज में हुई हैण्डबाल प्रतियोगिता

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये छह बालिकाएं चयनित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मंडलीय माध्यामिक विद्यालय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में प्रधानाचार्य पी0बी0 इण्टर कालेज में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य डा अनूप कुमार सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में मण्डल की कुल 18 टीमो ने प्रतिभाग किया जिसमें बालक बालिकाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता आबाद अहमद सचिव पूर्व सचिव, दिनेश चन्द्र पाण्डेय व जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह एवं अखिलेश कुमार सिंह की देखरेख में प्रारंभ हुई। मुख्य निर्णायक की भूमिका कपिल, विमल, शिवराज रहे। उक्त प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सुरेश कुमार, रविंद्र मिश्रा, रंजना सिंह, साधना मिश्रा, अजय कुमार, अजीत कुमार, हीरालाल कैथल राजीव सिंह आदि मौजूद रहे। उधर मंडलीय वास्कट बाल बालिका प्रतियोगिता का आयोजन संत एंथोनी इंटर कालेज प्रयागराज में सम्पन्न हुई जिसमें प्रतापगढ़ की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान छह बालिकाएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिये चयनित हुईं। संत अंथोनी इंटर कालेज के फादर आनंद केवी जान ने छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

सीताराम येचुरी के निधन पर सांसद ने जताया शोक

प्रतापगढ़। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ;मार्क्सवादीद्ध के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सदस्य सीताराम येचुरी का गुरुवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर प्रतापगढ़ सांसद डाण्एसपी सिंह पटेल ने गहरा दुःख व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि वह एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से देश ने एक जुझारू और संघर्षशील राजनेता खो दिया।

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन घायल

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। दो अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया जहां से उनकी गंभीर हालत के चलते जिला का रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के रामकोला प्राथमिक विद्यालय के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बचने के चक्कर में सुशील पटेल निवासी सरसतपुर अपने रिश्तेदार शिव प्रकाश के साथ सड़क पर बाइक समेत पलट गया। दोनों पृथ्वी गंज बाजार की तरफ से घर लौट रहे थे, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया। वही जलालपुर किठौली गांव निवासी शिवदत्त अपनी मां मनसा देवी को लेकर पट्टी आया था। रायपुर रोड पर उन्हें ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मनसा देवी का हाथ टूट गया। घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया जहां से उनकी गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, कोहराम

हत्या या आत्महत्या में उलझी लालगंज पुलिस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। बुधवार की रात गांव के एक युवक का शव पेड़ से लटक रहा था। ग्रामीणों ने देखा तो युवक की पहचान के बाद घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन शव को पेड़ से उतार कर घर ले गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बभनपुर निवासी अनिल कुमार वर्मा (25) पुत्र किशन वर्मा का शव बुधवार को करीब आठ बजे गांव के बीच एक पीपल के पेड़ से लटक रहे शव को लोगों ने देखा। ग्रामीण शव की पहचान करने के बाद मृतक के परिजनों को दी। मौके पर परिजन शव को पेड़ से नीचे उतार कर घर ले गए। घटना की सूचना पुलिस को हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की मां ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए कहा है कि अनिल बाजार से लौटा तो वह खा-पीकर जैसे बैठा था। गांव के व्यक्ति के साथ पुनः वह चला गया। कुछ देर बाद लोगो ने घटना के बाबत जानकारी दी तो वहां पहुंचने पर मृतक का शव पेड़ से लटक रहा था। घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मां के आरोप पर पुलिस ने मृतक के साथी को थाने उठा ले गई। घटना को लेकर युवक से पुलिस पूछताछ में जुट गई। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद ही कुछ कहना उचित होगा।

महिलाओं को कन्डक्टर ड्राइवर के पद पर कार्य करने के लिए किया जाय प्रेरित : डीएम

अखंड भारत संदेश

डीएम ने कहा कि आधार संशोधन सेन्टरों को प्रातः 06 बजे से सायं 08 बजे तक संचालित कर लोगों की समस्याओं का करें निराकरण

डीएम ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने में कोई भी व्यक्ति किसी दलाल के झांसे में न आयें, इसके लिए लोगों को किया जाय जागरूक

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में आधार कार्ड बनवाने/संशोधन एवं ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने में लोगों को आ रहीं समस्याओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियो के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। बैठक में जिलाधिकारी ने आधार कार्ड बनवाने/संशोधन सम्बन्धी मामलों में लोगों को आ रहीं समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी आधार संशोधन सेन्टरों को प्रातः 06 बजे से सायं 08 बजे तक खोलकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाय, जिससे लोगों की भीड़ न एकत्र होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आधार बनवाने/संशोधन से सम्बन्धित जो भी सेन्टर हैं, उसकी लिस्ट सभी तहसीलों सभी विकास खण्डों, पंचायत भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों में अवश्य चस्पा करवायें। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों को ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर कहॉ-कहॉ पर है, इसकी लिस्ट परिवहन कार्यालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलां पर निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क सहित चस्पा करवायें। उन्होंने कहा कि लोगों को ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने में कोई परेशानी न हो, न ही उन्हें परिवहन विभाग के बार-बार चक्कर लगाना पड़ें तथा किसी भी दलाल के झांसे में न आयें, इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाय। जिलाधिकारी ने प्राइवेट स्कूलों में चल रहीं बसों का लगातार फिटनेस की जॉच कराने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए उन्हें कन्डक्टर/ड्राइवर के पद पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाय एवं इसके लिए उनको निःशुल्क ट्रेनिंग भी करायी जाय।इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रवीन्द्र कुमार जायसवाल एवं एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी रहे।

निर्धारित मानक पर खरा ना उतरने वाले चार निजी अस्पतालों को किया गया सीज

कौशाम्बी। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में मंझनपुर मुख्यालय स्थित कई निजी अस्पतालों की जांच स्वास्थ्य टीम के सदस्यो द्वारा की गई थी। इनमें कई अस्पताल मानक पर खरे नहीं उतरे। भवन का नक्शा ना पास होना, अस्पतालों में पैनल के डॉक्टरों का न मिलना, साफ सफाई की अनुचित व्यवस्था, अन अटेंडेड मरीज, बिना रजिस्ट्रेशन के संचालन, अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना चलने वाले और कई अस्पतालो के बेसमेंट में संचालित होने जैसी कई कमियां उजागर हुई। उक्त का संज्ञान लेते हुए सीएमओ द्वारा प्रशासन के सहयोग से चार अस्पतालों यथा विष्णु, वात्सल्य, राफिया एवं एनजीएम हॉस्पिटल को सीज किया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मंझनपुर एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में 51 बच्चों के सापेक्ष मात्र पांच बच्चे मिले उपस्थित

टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी जिले के परिषदीय विद्यालयों में सुधार के शासन से लेकर अधिकारियों के दावों पर शिक्षक पलीता लगा रहे है। परिषदीय स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चे स्कूलों में पढ़ने के लिए दाखिला लेते है। लेकिन शिक्षकों की मनमानी के चलते उनको न तो सही रूप से शिक्षा मिल पा रही है और न ही सुविधाएं मिल रही है। ताजा मामला कड़ा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रमई का पूरा का है। जहां पर गुरुवार को विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय में नामंकित 51 बच्चों के सापेक्ष मात्र 5 बच्चे विद्यालय परिसर में लूडो खेलते मिले वही शिक्षक कमरे में बैठे आराम फरमा रहे थे। शौचालय बंद मिला और बच्चों को खाना खराब मिलने की बात ग्रामीणों ने बताई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रूपा साहू ने बताया कि विद्यालय के कक्षा आठ में 25 , कक्षा सात में 14 और कक्षा छह में 12 बच्चों सहित कुल 51 बच्चे नामांकित है। अभी लंच का समय चल रहा है तो कुछ बाहर चले गए है। वहीं सहायक अध्यापक संतोष कुमार कमरे में बैठे आराम फरमा रहे थे। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले विद्यालय निरीक्षण के दौरान बच्चों के कम आने की कमियां मिली थी जिस पर उन्हे कई बिंदुओं पर नोटिस दी गई। यदि सुधार नही होता है तो शिक्षकों के विरुद्ध करवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा।

सरकारी राशन की दुकान में कोटेदार एक किलो राशन देता है कम

कार्डधारकों से 100 रुपए वसूली कर रहा है कोटेदार

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी सिराथू तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंदावा में सरकारी राशन की दुकान में कोटेदार गोमती देवी का पति ग्रामीणों से 100 रुपए अधिक ले रहा है सौ रुपए लेने के बाद कार्डधारकों को वह गल्ला देता है वह भी चार यूनिट हो या पांच यूनिट हो एक किलो राशन कार्डधारकों को कम दिया जाता है कई बार कार्ड धारकों ने मामले की शिकायत की लेकिन कोटेदार का बाल बांका नहीं हो सका है सवाल उठता है कि एक तरफ घटतौली दूसरे तरफ रकम की वसूली के बाद भी पूर्ति कार्यालय मामले को संज्ञान लेकर कार्डधारकों को मोदी सरकार की योजना के अंतर्गत राशन का वितरण नहीं करवा पा रहा है जिससे पूर्ति विभाग की निष्ठा पर भी सवाल खड़े हैं।

14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

भरवारी कौशाम्बी नगर पालिका परिषद भरवारी में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी के नेतृत्व में गुरुवार को हुई इस बीच नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी राम सिंह ने बताया कि 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसमे 14 सितंबर को सर्व प्रथम बस स्टॉप स्थित पूर्व चेयरमैन कैलाश केशरवानी की गद्दी के पीछे प्राथमिक विद्यालय से सफाई अभियान शुरू किया जाएगा 'यह स्वच्छता अभियान सभी वार्डो में चलाया जाएगा ' इतना ही नहीं इस स्वच्छता अभियान मे जो भी वार्ड प्रथम द्वितीय एवम तृतीय आएंगे सभी उन्हें सरकार द्वारा उपहार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह स्वच्छता अभियान दिनाक 14 सितंबर से शुरू होकर 2अक्टूबर तक चलेगा इसका समापन 2 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम में होगा ' उसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा पौध रोपण किया जाएगा इस अभियान में सभी वार्डो के पार्षद मौजूद रहेगें आज की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी अधिशाषी अधिकारी राम सिंह वरिष्ठ लिपिक बबलू गौतम एपीजे अब्दुल कलाम 23 के पार्षद मोहमद हुसैन वार्ड नंबर 1 के राजू पासी वार्ड नंबर 2के घनश्याम पासी वार्ड नंबर 3के राकेश पासी वार्ड नंबर 6के राकेश पासी वार्ड नंबर 8 के आशिफ एवम भरवारी के भारतीय जनता पार्टी के तेज तर्रार पार्षद शंकर लाल केशरवानी एवम नगर पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

वाहन स्टैंड संचालित करने वालों की गतिविधियां संदिग्ध

15 दिन पूर्व जिला अस्पताल से चोरी गई बाइक का सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

अखंड भारत संदेश

कौशांबी जिला अस्पताल में आए दिन मरीज के परिजनों की बाइक चोरी हो रही है जिनका खुलासा नहीं हो पा रहा है बाइक चोरी के मामले में महत्वपूर्ण बातें यह है कि जो वाहन स्टैंड के अंदर बाइक खड़ी करके पर्ची प्राप्त कर लेते हैं उनकी बाइक नहीं चोरी होती है जबकि वाहन स्टैंड के बाहर बाइक खड़ी करने के बाद जिन मरीज के परिजनों ने पर्ची का शुल्क देने के बजाय ऐसी हालत में बाइक खड़ी कर देते हैं उनकी बाइक अक्सर गायब हो जाती है आखिर जब वही पर वाहन स्टैंड संचालित हो रहा है तो किसकी मजाल है कि वह बाइक स्टैंड के अगल-बगल से बाइक की चोरी करके फरार हो जाएगा और कोई देख नहीं पाएगा 26 अगस्त को कादीपुर गांव निवासी अंकुर त्रिपाठी पुत्र राजकिशोर त्रिपाठी की बाइक जिला अस्पताल से चोरी हो गई है 15 दिन बीत जाने के बाद बाइक चोरी का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है जबकि जिला अस्पताल में जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और चोरों की गतिविधियों को सीसीटीवी कैमरे से देखा जा सकता है लेकिन पुलिस चोरी की घटना का खुलासा नही कर सका बाइक स्टैंड संचालित करने वाले लोगों के साथ रहने वालो की गतिविधियां संदिग्ध है उनके लोग शिकार की तलाश में लगे रहते हैं और जो बाइक स्टैंड से बाहर खड़ी हुई तो फिर स्टैंड संचालक परेशान हो जाते हैं यदि सभी वाहन स्टैंड से बाहर खड़े होंगे तो स्टैंड संचालन करने वाले लोगों को समस्याएं होगी और इसी झटका के चलते मरीजों के परिजनों की बाइक अक्सर गायब हो जाती है यदि वाहन स्टैंड संचालन करने वाले लोगों के साथियों की गतिविधियों पर नजर लगाई जाए तो जिला अस्पताल से बाइक चोरी की घटनाओं पर विराम लग सकता है पूर्व में चोरी गई बाइक बरामद भी हो सकती है लेकिन वाहन स्टैंड संचालित करने वाले लोगों के साथियों की गतिविधियों पर पुलिस ने अभी तक नजर नहीं लगाई है जिससे जिला अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों को बाइक खड़ी करना सुरक्षित नहीं रह गया है।

महिला सिपाहियों का हुआ स्थानांतरण

कौशाम्बी पुलिस लाइन से महिला सिपाहियों को पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने थानों में तैनाती दी है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महिला सिपाही श्रेया यादव पुष्पा वर्मा ज्योत्स्ना यादव वा आशा देवी महिला हेड कांस्टेबल को पुलिस लाइन से कोखराज थाना भेजे जाने के निर्देश दिए हैं महिला सिपाही शालू यादव को थाना करारी वा प्रियंका यादव पूनम यादव शिवानी शर्मा को मोहब्बतपुर पइंसा थाना भेजा गया है महिला सिपाही प्रमिला यादव को पश्चिम शरीरा थाना और महिला सिपाही शिप्रा राजपूत को सराय अकिल थाना महिला सिपाही ममता प्रजापति और सुरभि सचान को महेवाघाट थाना तथा महिला सिपाही प्रेमलता और अर्चना को कौशाम्बी थाना भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कथित पत्रकार पर 70 लाख रुपए ठगी के मामले में थाने में दर्ज मुकदमा की विवेचना लंबित

प्रधान की छवि धूमिल करने वाले कथित पत्रकार की थाना प्रभारी कोखराज से शिकायत, प्रधान को बदनाम करने वाले फर्जी पत्रकारो के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की प्रधान ने की मांग

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। सिराथू तहसील ग्राम करेंटी के ग्राम प्रधान पर फर्जी खबर चला कर गुंडा व भूमाफिया बताने वाले तथा कथित पत्रकारों की थाना कोखराज में प्रधान ने लिखित शिकायत दर्ज कराया है जिसमें ग्राम प्रधान ने बताया कि बिना शिकायत पत्र के फर्जी खबर चला कर मेरी छवि खराब करने वाले कथित पत्रकार के द्वारा दूसरे का छप्पर को ग्राम प्रधान का बता कर कथित पत्रकारों के द्वारा झूठी खबर फैला कर अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है जबकि ग्राम प्रधान ने बताया कि जिस घूर गड्ढे खलिहानी, ऊसर, बंजर को मेरा बताया जा रहा है उस छप्पर से मेरा दूर दूर तक कोई वास्ता नही है एसओ कोखराज को शिकायती पत्र दे कर कार्यवाही करने व प्रधान के खिलाफ झूठी खबर चलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को कहा जिस पर थाना कोखराज प्रभारी ने जांच कर कार्यवाही का अस्वासन दिया। बताते चलें के आरोपी कथित पत्रकार के विरुद्ध पूर्व से 70 लाख रुपए ठगी के मामले में पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज है उसकी जांच विवेचना दबाव में अभी लंबित है।

दिव्यांगजन पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से करायें लिंक

कौशाम्बी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किश्त का भुगतान आधार बेस्ड पेमेण्टह्न प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में होना है। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वह अपने बैंक से सम्पर्क कर अपनी पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से जल्द से जल्द लिंक कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनकी आगामी दिव्यांग पेंशन की धनराशि खाते में अन्तरित होने में समस्या हो सकती हैं।

बड़े पैमाने पर उप निरीक्षकों की थानों में हुई तैनाती

कौशाम्बी जिले में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने पुलिस बिभाग में बड़े पैमाने में फेर बदल दिया है पुलिस लाइन में पड़े उपनिरीक्षकों को थानों में तैनाती दी गई है और कुछ पुलिस चौकियो के इंचार्ज बदले गए हैं तो कुछ थाने के उप निरीक्षक को इधर से उधर किया गया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली की घोसियाना पुलिस चौकी प्रभारी मिश्रीलाल चौधरी को संदीपनघाट थाना की हर्रायपुर पुलिस चौकी भेजा गया है और उप निरीक्षक समरजीत वर्मा को सैनी कोतवाली से घोसियाना चौकी प्रभारी बनाया गया है पुलिस लाइन से उप निरीक्षक आदित्य कुमार को कौशाम्बी थाना के बिदाव पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया गया है उप निरीक्षक सुनील कुमार राय और उप निरीक्षक चंद्रमौल शर्मा वा उप निरीक्षक भुवनेश्वर कुमार पाण्डेय वा उप निरीक्षक रामबाबू को कौशाम्बी थाना भेजने के निर्देश दिए गए हैं उप निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय को अपराध शाखा वा उप निरीक्षक मंगल खाँ को सम्मन सेल वा उप निरीक्षक सुभाष सिंह कुशवाहा को न्यायालय सुरक्षा भेजा गया है उप निरीक्षक चन्दन सिंह को कार्यालय डायल 112 भेजा गया है। इसी तरह उप निरीक्षक राजेश कुमार वा उप निरीक्षक मनीष पाल उप निरीक्षक विजय पाल वर्मा को चरवा थाना और उप निरीक्षक सफीक सिद्दीकी और उप निरीक्षक अख्तर खान को पश्चिम शरीरा थाना भेजने के निर्देश जारी किए गए है उप निरीक्षक अभिशेक शुक्ला वा उप निरीक्षक चन्द्रबली सरोज वा उप निरीक्षक मनोज कुमार वा उप निरीक्षक नागेंद्र कुमार को कोखराज थाना वा उप निरीक्षक जयबृंद यादव को सैनी कोतवाली और उप निरीक्षक संतोष कुमार वा उप निरीक्षक माता दीन को कड़ा धाम थाना भेजने के निर्देश दिए गए हैं उप निरीक्षक प्रभु नाथ सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक करारी के पद पर भेजा गया है उप निरीक्षक पलटू सिंह यादव को पिपरी थाना वा मंझनपुर कोतवाली से उप निरीक्षक राजेश उपाध्याय को पिपरी थाना भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

अगस्त में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं इंडीकेटर्स में सी डी एवं ई प्रगति प्राप्त होने पर 8 विभाग को नोटिस जारी

सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/ इंडीकेटर्स में सम्बन्धित विभागों द्वारा रैंकिग में सुधार न पाये जाने पर दी जायेंगी प्रतिकूल प्रविष्टि

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सम्बन्धित विभागों द्वारा माह अगस्त में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडीकेटर्स की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई जिलाधिकारी द्वारा सेतु निर्माण निगम की रैंकिग/इण्डिकेटर फ्लैगशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत माह अगस्त में रैंकिग सी श्रेणी प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए परियोजना प्रबन्धक, सेतु निगम रोहित मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण तत्काल उपलब्ध कराने निर्देश दियें। इसी प्रकार नई सड़कों के निर्माण कार्य से सम्बन्धित इण्डिकेटर में ई श्रेणी प्राप्त होने एवं नई सड़कों के निर्माण में लगातार दो माहों में सी.एम.आई.एस. पोर्टल पर फीडिंग प्राप्त न होने पर अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 दयाशंकर सिंह को चेतावनी जारी करने के निर्देश दियें। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार द्वारा शादी अनुदान योजना में प्रभावी अनुश्रवण न किये जाने के कारण सी श्रेणी प्राप्त हुई है। पूर्व बैठकों में भी निर्देशित किया जा चुका था कि इण्डीकेटर्स की नियमित अनुश्रवण करते रहें तथा प्रगति की फीडिंग सम्बन्धित पोर्टल पर कराते रहें। विभागीय कार्य में रूचि न लेने पर जिलाधिकारी ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिसह्नह्न निर्गत करते हुये स्पष्टीकरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन से सम्बन्धित इण्डिकेटर में सी श्रेणी प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने दिलीप कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। उपायुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र के0के0 अमर द्वारा ओ.डी.ओ.पी-वित्त पोषण से सम्बन्धित इण्डिकेटर में डी श्रेणी प्राप्त होने एवं विभागीय कार्य में रूचि न लेने तथा सी0एम0 डैशबोर्ड पर लगातार दूसरी बार रैंकिग से जनपद की प्रगति शासन स्तर पर खराब प्रदर्शित होने एवं कार्य में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग कोह्यह्यकारण बताओ नोटिसह्नह्न जारी करते हुए स्पष्टीकरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार को सी.टी. स्कैन सेवायें की इण्डिकेटर में डी श्रेणी प्राप्त होने एवं योजनाओं का अनुश्रवण ठीक प्रकार से न किये जाने तथा कार्यों में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने के पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को ह्यह्यकारण बताओ नोटिसह्नह्न निर्गत करने एवं स्पष्टीकरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। सड़क निर्माण से सम्बन्धित इण्डिकेटर में ई श्रेणी प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने विपुल चन्द्रा, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को चेतावनी जारी करने के निर्देश दियें। सी0एम0 डैशबोर्ड पर विभागीय पोर्टलों के इन्टीग्रेशन के माध्यम से विभागों द्वारा उपलब्ध कराये गये रिपोर्ट के आधार पर रैंकिंग में डे.एन.आर.एल.एम. बी.सी. सखी से सम्बन्धित इण्डिकेटर में डी श्रेणी प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त, स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडीकेटर्स में सम्बन्धित विभागों द्वारा रैंकिग में सुधार न लाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी।

न्यूज झरोखा

जीवंत मूर्ति बनाने में कलाकार नटराज को हासिल है महारत

शारदीय नवरात्रि के पूर्व मां दुर्गा की प्रतिमाओं को बनाने में जुटे कलाकार

कौशांबी शारदीय नवरात्र का पर्व नजदीक आ रहा है और इसके साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमाओं के निर्माण में लगे मूर्तिकारों की मेहनत भी चरम पर है। नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा निवासी नटराज श्रीवास्तव इस क्षेत्र के एक प्रसिद्ध मूर्तिकार हैं जीवंत मूर्ति बनाने में नटराज कलाकार को महारत हासिल है पिछले दो दशक से मूर्तियों का निर्माण कर रहे नटराज की कला और उनके द्वारा बनाई गई प्रतिमाएं इस क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध हैं। हर साल नटराज द्वारा बनाई गई दुर्गा प्रतिमाओं की बिक्री चार दर्जन से अधिक होती है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर पंचायत सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में दुर्गा पंडाल सजाए जाते हैं। इन पंडालों में मां दुर्गा की पूजा होती है और इस परंपरा को बनाए रखने के लिए लोग प्रतिवर्ष पंडालों के लिए मूर्तियों का आर्डर देते हैं। इस वर्ष भी सैकड़ो स्थानों पर दुर्गा पंडाल सजाए जाएंगे नटराज श्रीवास्तव की मूर्तियां केवल नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा तक सीमित नहीं है बल्कि इनकी प्रतिमाएं पड़ोसी जनपदों मे जाती हैं। उनकी कला की खूबसूरती और शिल्प कौशल के कारण उनकी प्रतिमाओं की मांग बाहर भी फैल चुकी है। नटराज श्रीवास्तव ने अपनी पूरी मेहनत और कला को निखार कर प्रतिमाओं को उच्च गुणवत्ता और विशेषता दी है कड़ी मेहनत और समर्पण की बदौलत वे हर साल अपनी कला के माध्यम से लोगों के मन को छूने में सफल होते हैं और नवरात्रि के पर्व को खास बनाते हैं।

सुबह 7 बजे कान्हा गौशाला का अधिशासी अधिकारी ने किया निरीक्षण

अझुवा कौशांबी आदर्श नगर पंचायत अझुवा के अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह कान्हा गौशाला का सुबह 7 औचक निरीक्षण करने पहुंचे हैं वहां उन्होंने मौजूद केयरटेकर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल "232" गोवंश पाए गए जहां पर उनको वहां पर रहने वाले गौवंश के खाने के लिए भूसा ,चोकर ,हरा चारा आदि पर्याप्त मात्रा में पाया गया अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने कान्हा गौशाला केयरटेकरों को छोटे-छोटे गौवंश का विशेष ध्यान रखने को कहा है अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने कान्हा गौशाला केयर टेकरों से साफ सफाई सुबह जल्दी करायी जाये इसके लिए निर्देश दिया है इसके अलावा अन्य जानकारियां भी ली है और हरा चारा एवम गौशाला में पौधरोपण कर हरा भरा क्षेत्र बनाने को दिशा निर्देश दिया।

बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला सशक्ति करण कार्यक्रम का आयोजन

हर्रायपुर कौशाम्बी एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर ,मूरतगंज के प्रांगण में बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला सशक्ति करण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप निरीक्षक थाना संदीपन घाट जयंत गुप्ता व महिला कांस्टेबल सपना शाक्य व महिला कांस्टेबल प्रियंका सिंह ने बालिकाओं वा महिलाओं की सुरक्षा हेतु उन्हें हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी तथा कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि उसका डटकर मुकाबला करना है पुलिस को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि पुलिस आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है उन्होंने कहा कि कोई समस्या आने पर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर कॉल करें। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव,प्रधानाचार्य महेश कुमार, उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव व स्टाफ उपस्थित रहे।

एसीएमओ ने एम्बुलेंस कर्मियों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क संचालित 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों के प्रशिक्षण के दौरान कौशाम्बी जिले के एसीएमओ डॉ हिमांशू भूषण ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर एम्बुलेंस कर्मियों को दी जा रही ट्रेनिंग का जायजा लिया। डॉ हिमांशू भूषन एम्बुलेंस के जिला स्तरीय नोडल भी हैं और इनके कार्यकाल में जब से इन्होने एम्बुलेंस के नोडल का कार्यभार संभाला है लगातार एम्बुलेंस सेवाओं में सुधार देखने को मिला है। बातचीत के दौरान डॉ हिमांशू भूषण ने रिस्पांस टाइम को लेकर एम्बुलेंस कर्मियों की सराहना भी की और सड़क सुरक्षा को लेकर भी सभी एम्बुलेंस कर्मियों को सजग रहने की सलाह दी। एम्बुलेंस में आवश्यक मेडिसिन और इक्विपमेंट उपलब्धता 100 प्रतिशत बनाये रखने की उन्होंने सलाह दी।

तालाब की जमीन में पेड़ की नींव पर कर दिया स्कूल निर्माण

कोखराज कौशांबी सिराथू तहसील क्षेत्र के राला ग्राम सभा में स्कूल के कमरे के निर्माण को तालाब की जमीन पर खड़े पेड़ की जड़ पर निर्माण कर दिया पेड़ की जड़ होने से जमीन मजबूत नहीं कहीं जा सकती जिसे कभी भी हादसे हो सकते हैं तालाब की जमीन पर पेड़ के नींव के ऊपर स्कूल का भवन बनाए जाने से विद्यार्थियों के जीवन पर खतरा बढ़ सकता है बताया जाता है कि स्कूल के भवन के निर्माण में मानक की भी अनदेखी हो रही है मानक विहीन भवन बनाया जा रहा है सब कुछ खुले आम हो रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं ठेकेदार की इस लापरवाही की जाँच करा कर कार्यवाही करने व घटिया निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है

मानिकपुर विधायक वा कांग्रेस वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के आवास पहुंचकर जताया शोक

कौशाम्बी कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ पप्पू मिश्रा के भाई मनीष कुमार मिश्रा की 9 सितम्बर को प्रतापगढ़ के लालगंज में रोड में एक्सीडेंट के चलते मौत की जानकारी मिलने के बाद इस दुख की घड़ी पर चित्रकूट जनपद के मानिकपुर विधायक अविनाश चंद द्विवेदी और कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता राम यज्ञ द्विवेदी पभोषा प्रधान सुनील तिवारी, महिला गांव के प्रधान विकास चंद्र द्विवेदी कुंडा कृति के सत्येंद्र मिश्रा राजू आदि लोगों ने आशीष कुमार पप्पू मिश्रा के आवास पर पहुँच कर शोक व्यक्त कर परिवार को सहनशक्ति सहने की ईश्वर से प्रार्थना की। और कहा कि इस दुख की घड़ी पर हम सब हर तरह से आपके साथ हैं हमेशा साथ रहेंगे।

सम्पादकीय

राहुल गांधी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में जो कुछ कहा गया उसे लेकर कई मुद्दों पर फिर से बवाल हुआ

अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में जो कुछ कहा गया उसे लेकर कई मुद्दों पर फिर से बवाल हुआ है। टेक्सास के डलास में भारतीयों के बीच उन्होंने जो कहा था, उसे लेकर गिरिराज सिंह, पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद समेत तकरीबन दो दर्जन भाजपाइयों ने अपनी समझ और पार्टी लाइन के अनुसार राहुल की आलोचना कर दी है। अब वाशिंगटन डीसी में नेशनल प्रेस क्लब के सामने राहुल गांधी ने जो कुछ कहा है, उसकी आलोचना एवं तोड़-मरोड़ करने योग्य अंश निकालकर भाजपा हमलावर तो है पर राहुल द्वारा व्यक्त विचारों को सही परिप्रेक्ष्य में देखे जाने की जरूरत सभी को है।

अमेरिका किसी भी देश में लोकतंत्र के बनने-बिगड़ने को वैश्विक दृष्टिकोण से देखने का आदी है। राहुल ने इसी देश की अपनी पिछली यात्रा एक सांसद के रूप में की थी, तो इस बार वे वहां पर विपक्ष के नेता के तौर पर हैं। इस पद की अहमियत को भी लोकतांत्रिक रूप से सजग और परिपक्ववह देश जानता है। पहले के मुकाबले भाजपा का अधिक तिलमिलाना स्वाभाविक तो है लेकिन राहुल देश की वास्तविकताओं से वहां की प्रेस को अवगत करा चुके हैं। हालांकि जिस मंच को उन्होंने सम्बोधित किया वह कोई स्थानीय प्रेस नहीं बल्कि जैसा कि नाम से ही स्पष्ट होता है, वह अंतरराष्ट्रीय प्रेस बिरादरी है। जून, 2023 में भी वे इस मंच को सम्बोधित कर चुके थे।

पहले तो यह बात कर ली जाये कि उनके किन बयानों को भाजपा अपने पक्ष में मोड़ रही है। आरक्षण को लेकर उन्होंने जो कहा है, उसका आश? यह था कि 'जब आरक्षण खतम करने की स्थिति आयेगी, तब उस पर सोचा जायेगा।' इसे ऐसे पेश किया जा रहा है कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के पक्ष में है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस आरक्षण को 50 प्रतिशत तक करना चाहती है। पाकिस्तान को लेकर पूछे गये सवाल पर उनकी लाइन वही थी जो कांग्रेस की सरकार के रहते थी।

उन्होंने कहा कि उस देश से आतंकवादी गतिविधियां संचालित होती हैं। यह सर्वविदित है और पहले से अमेरिका तक इसे कहता आया है। सरकार समर्थक मीडिया इसे मोदी के साथ राहुल का होना बतला रहा है। ऐसे ही, बांग्लादेश में हो रही हिंसा को भी उन्होंने गलत बताया है। बहुत सम्भव है कि भाजपा का आईटी सेल इसे ऐसा प्रस्तुत करे कि 'वहां के अल्पसंख्यकों (हिन्दू) के साथ हो रही हिंसा को लेकर राहुल को भी बयान देना पड़ा।' इन दोनों-तीनों बातों में दम नहीं है और बहुत भरोसे के साथ कहा जा सकता है कि राहुल के कई बयानों को जिस प्रकार से पहले तोड़ा-मरोड़ा गया था लेकिन वे प्रयास कोई कारगर नहीं हो पाये थे, उसी प्रकार यह दुष्प्रचार भी बहुत लम्बा टिकने वाला नहीं है। ऐसे एक-दो मुद्दों को छोड़ दिया जाये तो भाजपा के पास राहुल की आलोचना हेतु गिने-चुने हथियार ही रह जाते हैं।

भेड़िया आया, भेड़िया पकड़ाया

- सर्वमित्रा सुरजन

देश ने बाबरी मस्जिद को तोड़कर उसी जमीन पर राम मंदिर बनते हुए देख लिया है, जबकि मस्जिद तोड़ने वाले दोषी अब तक सजा से दूर हैं। अब विहिप अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के कानूनी तरीके तलाश रहा है। इसके बाद नरेन्द्र मोदी हिंदू-मुस्लिम एकता का ज्ञान देते हैं और अमित शाह राहुल गांधी पर भाषा और धर्म के आधार पर देश को विभाजित करने के आरोप लगाते हैं।

उत्तरप्रदेश के बहराइच में पिछले कई दिनों से भेड़ियों के आतंक की खबर आ रही थी। भेड़ियों के हमले से ग्रामीण बचाव की गुहार लगा रहे थे, जिसके बाद वन विभाग हरकत में आया। टीम बनाई गई, रणनीति बनाई गई, जाल बिछाया गया और अब तक पांच भेड़ियों को पिंजड़े में बंद करने में वन विभाग को सफलता मिल गई है। भेड़िए प्रकृति से हिंसक हैं, आदमखोर भी हो सकते हैं, लेकिन हैं तो आखिर में जानवर ही, जो प्रकृति के नियमों से बंधे होते हैं। उनमें छल कपट नहीं होता, चालाकी नहीं होती कि अपने दांत और नाखून छिपा कर घूमें ताकि जंगल के दूसरे जानवर उनकी असलियत पहचान न सकें। जानवर को अगर हमला करना होता है तो उसके लिए जो घात लगाई जाती है, उसकी इजाजत प्रकृति से मिली होती है। बिना बात जानवर हमले नहीं करता, खुद की श्रेष्ठता दिखाने के लिए दूसरे जानवर को अपमानित नहीं करता, एक जानवर जंगल में पानी के स्रोत पर अपना कब्जा दिखाकर दूसरे जानवर को पानी पीने से वंचित नहीं करता। जानवर रंग या कद के हिसाब से भेदभाव नहीं करता।

इसलिए जंगल शेर, लोमड़ी, हाथी, हिरण, बंदर, गिलहरी, चींटी, सांप, नेवला, सूअर और भेड़िए सभी के सहअस्तित्व से बना है। इंसान जिसे जंगलराज कहकर अपमानित करता है, असल में उस जंगलराज से बहुत कुछ सीखे जाने की गुंजाइश बाकी है। बहरहाल, भेड़िए वन विभाग के बिछाए जाल में फंस गए, क्योंकि उनमें धूर्तता नहीं थी। अब इन हिंसक कहे जाने वाले भेड़ियों के साथ क्या सलूक होता है। उन्हें जिंदा रखा जाता है, या मार दिया जाता है, या पिंजड़े में कैद करके मनुष्यों के मनोरंजन के लिए छोड़ दिया जाता है, ये पता नहीं। लेकिन भेड़ियों को पकड़ने की इस खबर से जिज्ञासा उपजी कि समाज में जो अलग-अलग तरीकों के इंसानियतखोर हैवान घूम रहे हैं, क्या उन्हें पकड़ने या काबू में करने के लिए कोई रणनीति कभी बनेगी या समाज हमेशा इस डर में ही कैद रहेगा कि न जाने किस रंग, रूप, शक्ल में उस पर हमला हो जाए। हाल की कुछ घटनाओं से इंसानियतखोरों के खतरे को कुछ और विस्तार से समझा जा सकता है। मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर से एक दिल दहलाने वाला वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दिन दहाड़े, सरेआम, व्यस्त सड़क पर एक महिला के साथ बलात्कार होता रहा और इस अनाचार को रोकने की जगह उसका वीडियो बनाया गया। इस घटना ने बता दिया कि साल में दो-दो बार शक्ति की पूजा मनाने वाले इस देश में महिला सुरक्षा और सम्मान की तमाम बातें ढोंग के अलावा कुछ नहीं है। इस मामले में आरोपी को पहचान कर अब गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन इस पर जिस तरह की राजनीति हुई और जनसामान्य में इस गंभीर मुद्दे पर जितनी चिंता दिखनी चाहिए थी, वह नहीं दिखी, यह सबसे अधिक परेशान करने वाला तथ्य है। मप्र में भाजपा की सरकार है और विपक्ष में बैठी कांग्रेस ने जब इस मुद्दे पर सवाल उठाए तो भाजपा की ओर से कहा गया कि आरोपी पकड़ा गया है। कांग्रेस प्रदेश को बदनाम करने के कुत्सित प्रयास कर रही है। आरोपी और पीड़िता दोनों एक-दूसरे से पहले से परिचित हैं, बाकी स्पष्टता से जांच के बाद सामने आ जाएगी। भाजपा की बचाव की इन दलीलों को सुनकर आश्चर्य होता है कि यह वही भाजपा है, जो प.बंगाल में बलात्कार की घटना पर कई दिनों तक हंगामे को जारी रख सकती है, लेकिन मध्यप्रदेश में बलात्कार की घटना पर आरोपी के पकड़े जाने को उपलब्धि की तरह पेश करती है। समाज को इस तरह के तर्कों के बाद सतर्क हो जाना चाहिए, लेकिन समाज में भी मंदिर-मस्जिद की खुमारी अब तक तारी है। इसलिए मणिपुर में महिलाओं की नग्न परेड से लेकर उज्जैन में सरेराह बलात्कार की घटना में उसे अहसास ही नहीं हो रहा कि हम सभ्यता के पैमाने पर कितना नीचे गिर चुके हैं।

एक अन्य उदाहरण हिमाचल प्रदेश से सामने आ रहा है। जहां इस समय कांग्रेस की सरकार है, लेकिन हिंदुत्व अपनी उग्रता दिखाने के लिए बेताब दिख रहा है। शिमला के संजौली में एक मस्जिद को अवैध बताते हुए उसे गिराने की मांग करने के लिए कानून-व्यवस्था सभी को चुनौती दी जा रही है। बुधवार को हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी संजौली में ढली सब्जी मंडी के पास पहुंच गए और चक्का जाम कर दिया गया। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और मस्जिद की तरफ बढ़ने लगे, लिहाजा पुलिस को पानी की बौछार और लाठी चार्ज का सहारा लेना पड़ा।

दरअसल कुछ समय पहले यहां दो गुटों में मारपीट हुई थी, जिसमें आरोप है कि कुछ लोग मस्जिद में जाकर छिप गए। इसके बाद से ही हिंदू संगठन मस्जिद को गिराने की मांग कर रहे हैं। यहां भले ही मस्जिद के अवैध निर्माण का वास्ता दिया जा रहा है, लेकिन असल में यह सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने और हिंदुत्व का दबदबा कायम करने की कोशिश ही है। अगर मस्जिद अवैध तरीके से बनी है, तो उस पर नगरनिगम कार्रवाई करेगा, इसके लिए हिंदू संगठनों को शक्तिप्रदर्शन की जरूरत क्यों पड़ रही है। क्या मस्जिद गिराने की आड़ में सरकार गिराने का कोई खेल चल रहा है या फिर सांप्रदायिक तनाव बढ़ाकर एक बार फिर अल्पसंख्यकों को दोयम स्थान पर दिखाने की कोई साजिश चल रही है। उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, हाल के बरसों में ये तमाम राज्य सांप्रदायिक तनाव के शिकार बन चुके हैं, क्या उस कड़ी में अब हिमाचल प्रदेश को जोड़ा जा रहा है। असलियत जो भी हो, यहां भी सीधे-सीधे इंसानियत का ही शिकार हो रहा है।

एक और प्रसंग आठ सितंबर का है, जिसमें न किसी का शोषण हुआ है, न कोई उग्र प्रदर्शन या कानून हाथ में लेने जैसी घटना हुई है, सब कुछ सभ्यता के आवरण में हुआ, लेकिन उसके निहितार्थ क्या हैं, ये समझने की जरूरत है। दरअसल विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विधि प्रकोष्ठ ने राजधानी दिल्ली में आठ तारीख को एक बैठक आयोजित की, जिसमें वाराणसी और मथुरा के मंदिरों से जुड़े कानूनी विवाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक के साथ-साथ धर्मांतरण के मुद्दों पर चर्चा हुई। विहिप हिंदुत्ववादी संगठन है, तो वह इसी तरह के एजेंडे पर बैठक करेगा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस बैठक में सुप्रीम कोर्ट और कई हाईकोर्ट के करीब 30 पूर्व जज शामिल हुए। विहिप के मुताबिक इस बैठक का उद्देश्य जजों और विहिप के बीच विचारों का स्वतंत्र विनिमय था, ताकि दोनों एक-दूसरे के प्रति समझ विकसित कर सकें। यह कितनी खतरनाक बात है कि जब वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में शाही ईदगाह पर हिंदुत्ववादी संगठन के दावों जैसे मुद्दे अदालतों में लंबित हैं, तब इन्हीं मुद्दों पर शामिल बैठक में पूर्व जज शामिल हो रहे हैं।

भले कानूनी तौर पर इसमें कोई अड़चन न दिखे, लेकिन क्या इन फैसलों पर इस बैठक के प्रभाव से इंकार किया जा सकता है। पूर्व जजों के अलावा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी बैठक में उपस्थित हुए, यह और परेशान करने वाली बात है। क्योंकि सरकार और परोक्ष तरीके से न्यायपालिका दोनों विहिप के साथ रहेंगे, तो फिर निष्पक्ष फैसले कैसे लिए जाएंगे। विहिप आगे भी इस तरह बैठकें आयोजित करने पर विचार कर रहा है। एक विहिप नेता के मुताबिक विचारों का यह आदान-प्रदान विधिक समुदाय को हमारे विचार समझने में मदद करेगा, और हम हमारा एजेंडा आगे बढ़ाने के लिए कुछ कानूनी समझ विकसित करेंगे। हम हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने के कानूनी तरीके तलाश रहे हैं।

देश ने बाबरी मस्जिद को तोड़कर उसी जमीन पर राम मंदिर बनते हुए देख लिया है, जबकि मस्जिद तोड़ने वाले दोषी अब तक सजा से दूर हैं। अब विहिप अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के कानूनी तरीके तलाश रहा है। इसके बाद नरेन्द्र मोदी हिंदू-मुस्लिम एकता का ज्ञान देते हैं और अमित शाह राहुल गांधी पर भाषा और धर्म के आधार पर देश को विभाजित करने के आरोप लगाते हैं।

समाज भेड़िया आया, भेड़िया आया की कहानी बार-बार सुनकर भी सबक नहीं ले रहा है। फिलहाल हम पांच भेड़ियों के पिंजड़े में कैद होने पर खुश हो लें, लेकिन वन विभाग के मुताबिक ऐसे भेड़िए दर्जन भर थे, यानी अभी बहुतों को काबू में करना बाकी है।

गिरिराज रचित आलोचना शास्त्र से अब बेअसर होते राहुल गांधी

– डॉ. दीपक पाचपोर

राहुल के बयानों की आलोचना करने के लिये अब भाजपा को बदलती दुनिया के अनुरूप नये मानदण्ड बनाने होंगे। उसे अपने शब्दकोश के साथ ही खुद को समानता, स्वतंत्रता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता जैसे मूल्यों से स्वस्फूर्त सम्पन्न करना होगा। 'लोकतंत्र' और 'संविधान' की तरह नहीं, जिसका उल्लेख करना उसने तब शुरू किया था जब उसे चुनावी हार दिखने लगी थी।

राहुल गांधी फिर से अमेरिका में हैं;

एक बार फिर से वे वहां बस गये भारतीयों के सामने दिल खोल रहे हैं;

पुनः वे भारत में लोकतंत्र की स्थिति पर बात कर रहे हैं;

अब फिर से कुछ लोग, जिनका अस्तित्व इस बात पर टिका है कि उनकी पार्टी के कुकृत्यों का कहीं भी खुलासा हो- गल्ली से दिल्ली तक या कहें कि डेल्ही से डेलास तक- फनफना उठें; और ऐसा जवाब दें जिसके पीछे उदार विचारधारा का न तो कोई संदर्भ हो और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों का लेशमात्र भी आग्रह;

एक बार फिर भारत में बैठे वे लोग नाराज होंगे जो मानते हैं कि देश को आजादी 2014 में मिली है; या पहले मिली भी है तो वह 99 साल की लीज वाली थी।

बहरहाल, राहुल गांधी कुछ भी कहें, इसका जवाब या स्पष्टीकरण जहां से आना चाहिये वहां से नहीं आता बल्कि उन लोगों की ओर से आता है जिन्हें न तो इसके लिये अधिकृत किया जाता है और न ही वह पार्टी का मान्यताप्राप्त बयान होता है। हिमंता बिस्वा सरमा, अनुराग ठाकुर, निशिकांत दुबे, स्मृति ईरानी, कंगना रनौत या गिरिराज सिंह जैसे कुछ लोग हैं जो बार-बार एक जैसी प्रतिक्रिया देते हैं। उनका दुर्भाग्य यही है कि वे राहुल के लिये कोई नया आलोचना शास्त्र नहीं लिख पाये हैं। वह उन्हीं मानदण्डों पर है जो 2014 के आसपास बनाया गया था और जिस हांडी पर एक बार खिचड़ी पकाई जा चुकी है। यह उनके समर्थकों का भी दुर्भाग्य है कि वे उन्हीं की कही बातों पर भरोसा कर रहे हैं जबकि थोड़े बहुत जो समझदार लोग भाजपा या सरकार में हैं, वे सारे राहुल की आलोचना से किनारा कर चुके हैं।

अब गिरिराज की ही बात करें तो वे पुरानी बातें ही कह रहे हैं- मसलन, 'विदेशी धरती पर भारत की आलोचना', 'भारत की बदनामी', 'दुश्मन देशों को प्रोत्साहन' आदि। इन्हीं जैसों में से किसी की बात का सिरा थामकर खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह कह देंगे कि 'पता नहीं कांग्रेस को देश से क्या दुश्मनी है' या 'उन्हें देश की इज्जत प्यारी नहीं' आदि। ये सारी बातें मोदी के जुमलों की तरह की बासी हो चुकी हैं जिस पर पानी छिड़ककर



वैसा ही ताजा किया जाता है जैसे कोई कुंजड़िन बासी सब्जियों पर पानी का छिड़काव कर उसे ताजी बनाये रखने की कोशिश करती है, ताकि वह उसे अगली सुबह बाजार में बेच सके। मजेदार यह है कि इस विचार और सब्जी के खरीदार अब भी हैं जबकि वे जान चुके हैं कि इस आलोचना में कोई तार्किकता रह नहीं गयी है। फिर भी, पहली बात वे यह समझ लें कि लोकतंत्र एक सार्वभौमिक और संयुक्त अवधारणा है। एक देश में लोकतंत्र को खतरा अन्य देशों की चिंता का विषय हो सकता है। जैसे पड़ोसी देशों में सैन्य सरकार की स्थापना अथवा निर्वाचित सरकार का तख्तापलट कोई देश नजरंदाज नहीं कर सकता।

राहुल के बयानों की आलोचना करने के लिये अब भाजपा को बदलती दुनिया के अनुरूप नये मानदण्ड बनाने होंगे

दूसरे, जिन लोगों के सामने राहुल ने यह बात कही है वे भारतीय ही हैं जिन्हें खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'भारत का हिस्सा' बताते रहे हैं। वे वहां इसीलिये बस गये हैं क्योंकि उन्हें सुव्यवस्था और सुशासन दिखता है। साथ ही अवसरों की बहुलता दिखी है। इन सब बातों का भारत में अभाव ही तो उन्हें उस नयी दुनिया में ले गया। वहीं उन्हें विविधता का सम्मान करना आया, समतामूलक समाज के दर्शन हुए, धर्मनिरपेक्षता को उन्होंने जाना और लोकतंत्र का महत्व समझा। कुछ अपवादों को छोड़कर ये सारे भारत से गये वे लोग हैं जो साधन-सम्पन्न थे। कुछ समय वहां रहने के बाद देशज धारणाओं को त्यागकर उन्होंने अमेरिकी मूल्यों को अपनाया है। यह अलग बात है कि मोदी के कारण उन्होंने फिर से भारत को वैसा ही बनाना चाहा जो गैरबराबरी वाला हो, लोकतांत्रिक मूल्यों से विहीन हो, तानाशाही का पुट लिये हुए हो और बहुलतावादी वर्चस्व का हिमायती हो। 'हाउडी मोदी' और 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' वाली भीड़ की जब आंखें खुलीं तो वह राहुल के लिये पलक पांवड़े बिछाने लगी। बकौल गिरिराज सिंह 'देश की बदनामी यहां से शुरू होती है।' प्रेस के बारे में तो सीधी बात है कि अंतरराष्ट्रीय प्रेस का कोई अपना देश नहीं होता। विशेषकर अमेरिका या सच्चे मायनों में किसी भी लोकतांत्रिक देश का प्रेस वैश्विक दृष्टिकोण से काम करता है- निष्पक्ष होकर। वह अमरीकी राष्ट्रपति को तक नहीं छोड़ता, तो उसके लिये भारत का प्रधानमंत्री खबरों के एक स्रोत से बढ़कर कोई अहमियत नहीं रखता। समर्थकों के लिये कोई नेता उनका भगवान हो सकता है लेकिन उस प्रेस बिरादरी के लिये सारे राष्ट्राध्यक्ष एक सरीखी अहमियत और स्थान रखते हैं। अंत में, वर्तमान डिजीटल युग में आप जहां भी बैठकर कुछ कहें वह वैश्विक प्रसार पा ही जाता है। विदेशी धरती पर जाकर देश की आलोचना करने की शिकायत वे ही करते हैं जो बेहद पुराने कालखंड में जी रहे हैं।

भाजपा समर्थकों को इस बात से भी परेशानी है कि राहुल ने वहां चीन की इस बात को लेकर तारीफ की है कि उसने रोजगार की समस्या पर काबू पाया है। अगर यह सच है कि चीन ने ऐसा किया है तो उसका उल्लेख करने में क्या परेशानी है? अगर लगता है कि यह गलत बयानी है तो मोदी अपनी आसन्न यात्रा में सही आंकड़े पेश कर राहुल का मुंह बन्द कर दें। इसका उल्लेख करने मात्र से कोई देशद्रोही और न करने से कोई देशभक्त नहीं बन जाता। यह पाठ भी भाजपा को अपने आलोचना शास्त्र से हटा देना चाहिये क्योंकि लोग जानते हैं कि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा कुछ एप पर प्रतिबन्ध और उनके समर्थकों द्वारा दीवाली की झालरों के बहिष्कार से बढ़कर कुछ नहीं किया गया है। भारत चीन को जितना निर्यात कर रहा है, उससे कई गुना अधिक आयात करता है। चीन ने कितनी भारत की जितनी जमीन हथियाई है और कितने गांवों के नाम बदल दिये हैं- इसे लेकर सरकार को बयान देना चाहिये और पहले की भौगोलिक स्थिति को बहाल करना चाहिये। यही लाल आंखें दिखाना है।

दुनिया जिस तेजी से बदली है, उसे भाजपा पकड़ नहीं पा रही है। न ही मोदी समझ सके हैं। खासकर, 2019 की महामारी (कोरोना) और राहुल की दो यात्राओं के बाद लोगों की समझ में बड़ा फर्क आया है। पहले नागरिकों के मुकाबले राज्य को बलशाली बनाने की कोशिश की जा रही थी, पर लोगों को अंततः अपने आर्थिक सशक्तिकरण का महत्व समझ में आ गया। लोकसभा के चुनावी नतीजे यही बताते हैं। यदि भाजपा आज सरकार में है तो वह इसलिये कि कांग्रेस का चुनावी प्रबन्धन आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हो पाया था। उसे भीतरघात तो मिला ही, इंडिया गठबन्धन को नीतीश कुमार और जयंत चौधरी ने ऐन वक्त पर धोखा भी दिया। आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के साथ समझौते भी आधे-अधूरे रहे।

राहुल के बयानों की आलोचना करने के लिये अब भाजपा को बदलती दुनिया के अनुरूप नये मानदण्ड बनाने होंगे। उसे अपने शब्दकोश के साथ ही खुद को समानता, स्वतंत्रता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता जैसे मूल्यों से स्वस्फूर्त सम्पन्न करना होगा। 'लोकतंत्र' और 'संविधान' की तरह नहीं, जिसका उल्लेख करना उसने तब शुरू किया था जब उसे चुनावी हार दिखने लगी थी। अपने नेतृत्व एवं काडर को उसे इन मूल्यों का महत्ता बतलानी होगी तब कहीं राहुल या कांग्रेस की उसकी आलोचना में वजन पड़ेगा।

श्रीलंका में 21 सितंबर को हो रहा राष्ट्रपति चुनाव भारत के लिए महत्वपूर्ण

- अरुण कुमार श्रीवास्तव

भारत और चीन के अलावा, अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कई अन्य देश और ब्लॉक, श्रीलंका में इसके रणनीतिक स्थान के कारण प्रभाव डालने के इच्छुक हैं। लगभग 80प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय कार्गो इस क्षेत्र से होकर गुजरता है, और श्रीलंका में मजबूत आधार रखने वाला कोई भी व्यक्ति सत्ता समीकरणों को अपने पक्ष में झुका सकता है।

श्रीलंका में 21 सितंबर, 2024 को राष्ट्रपति चुनाव होंगे, जिसमें 220 लाख की कुल आबादी में से 170 लाख लोग मतदान करेंगे। विदेशी समाचार विश्लेषकों का मानना है कि श्रीलंका 'नयी दृष्टि, साहसिक सुधार और स्थिर नेतृत्व' का चयन करेगा। कुल 38 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भी शामिल हैं, जो एक स्वतंत्र उम्मीदवार हैं। विक्रमसिंघे ने खाद्यान्न, ईंधन, रसोई गैस और दवा की सामान्य आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कठोर मितव्ययिता उपाय लागू किये और करों में वृद्धि की, और उन्हें उम्मीद है कि मतदाता उन्हें देश की अर्थव्यवस्था को सामान्य स्थिति में लाने के लिए एक और मौका देंगे।

हालांकि, छह बार प्रधानमंत्री रह चुके विक्रमसिंघे को पुरानी पीढ़ी के उन राजनेताओं में से एक माना जाता है, जिन्हें मौजूदा आर्थिक गड़बड़ियों के लिए स्वयं को भी जिम्मेदार मानना चाहिए।

विक्रमसिंघे के लिए मार्क्सवादी गठबंधन, नेशनल पीपुल्स पावर के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके एक प्रमुख चुनौती बनकर उभरे हैं। एक अन्य चुनौती विक्रमसिंघे की पार्टी, यूनाइटेड पीपुल्स पावर के सजित प्रेमदासा हैं। विभाजन के बाद, प्रेमदासा, जो राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के डिप्टी थे, अब इस पार्टी के नेता हैं। वह श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में एक और उम्मीदवार हैं। राजपक्षे वंश से, महिंद्रा राजपक्षे के बेटे नमिल राजपक्षे चुनाव लड़ रहे हैं। इन चार नेताओं में से एक के श्रीलंका के अगले राष्ट्रपति के रूप में उभरने की उम्मीद है।

जबकि इन उम्मीदवारों ने अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं को रेखांकित किया है, सीमित संसाधनों और भारी बाहरी ऋणों के सामने पैंतरेबाजी के लिए सीमित

जगह को देखते हुए, उनके चुनावी वायदों को शायद ही गंभीरता से लिया जाता है। जबकि दिसानायके उन युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं जो एक कुशल और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चाहते हैं, प्रेमदासा अल्पसंख्यक तमिल वोटों पर भरोसा कर रहे हैं, और विक्रमसिंघे ने हाल ही में मुस्लिम वोटों पर नजर रखते हुए एक मुस्लिम मंत्री को नियुक्त किया है। जबकि हर कोई चाहता है कि भ्रष्टाचार खत्म हो और अर्थव्यवस्था की सामान्य स्थिति बहाल हो, कोई भी केंद्रीय मुद्दा चुनाव पर हावी नहीं है।

पूर्व वित्त मंत्री एरन विक्रमरत्ने का कहना है कि श्रीलंका में सबसे बड़ी समस्या अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि कानून के शासन की अनुपस्थिति है। 'यदि कानून का शासन कायम रहता है और हर नागरिक को लगता है कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है, चाहे वह किसी भी स्थिति, शक्ति या धन का हो, तो हर नागरिक सम्मान के साथ रह सकता है। यह जानकर कि कानून काम करता है, विदेशी निवेशकों को इस देश में निवेश करने के बारे में विश्वास मिलेगा। साजिथ प्रेमदासाके एसजेबी ब्लूप्रिंट - समागी जन बलवेगया (एसजेबी) - के अनावरण के अवसर पर बोलते हुए मैंने दोहराया कि एसजेबी सरकार कानून के शासन को बनाये रखेगी और बढ़ावा देगी, अर्थव्यवस्था को वास्तविक सुधार और तीव्र विकास की ओर ले जाएगी,' उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा।

श्रीलंका के सरकारी कर्मचारियों और सैन्य कर्मियों ने डाक से अपने वोट डालना शुरू कर दिया है। लगभग 700,000 सरकारी कर्मचारी वोट देने के पात्र हैं।

हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण, अंतरराष्ट्रीय शक्तियां श्रीलंका में प्रभाव के लिए होड़ करती हैं। पड़ोसी क्षेत्रीय शक्तियां भारत और चीन अक्सर इस द्वीप राष्ट्र में प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा करते देखे जाते हैं। जबकि चीन ने कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बनायीं और हंबनटोटा बंदरगाह और लगभग 15,000 एकड़ जमीन 99 साल के पट्टे पर हासिल की, भारत ने आर्थिक संकट के दौरान 4अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह बाहरी ऋणों, ज्यादातर चीनी के बोझ तले दब न जाये। महिंद्रा राजपक्षे (2005-2015) के शासनकाल के दौरान, श्रीलंका ने चीनी ऋणों द्वारा वित्तपोषित कई महंगी अवसंरचना परियोजनाएं शुरू कीं, जिन्हें कई लोग सफेद हाथी मानते हैं, जो किसी वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति नहीं करते।

भारत और चीन के अलावा, अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कई अन्य देश और ब्लॉक, श्रीलंका में इसके रणनीतिक स्थान के कारण प्रभाव डालने के इच्छुक हैं। लगभग 80प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय कार्गो इस क्षेत्र से होकर गुजरता है, और श्रीलंका में मजबूत आधार रखने वाला कोई भी व्यक्ति सत्ता समीकरणों को अपने पक्ष में झुका सकता है। इस कारण से, अंतरराष्ट्रीय शक्तियां श्रीलंका के चुनाव पर कड़ी नजर रखेंगी और जीतने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास करेंगी।

चूंकि श्रीलंका की अर्थव्यवस्था अभी भी अनिश्चित स्थिति में है, इसलिए राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले किसी भी व्यक्ति को इस बारे में अधिक स्वतंत्रता नहीं है कि वे आर्थिक या अंतरराष्ट्रीय नीतियों को कैसे लागू करना चाहते हैं। श्रीलंका ऋणदाताओं और दाताओं के दबाव में रहेगा।

जलशक्ति मंत्री को जिले की सिंचाई योजनाओं की दी जानकारी

जलशक्ति मंत्री ने की सिंचाई परियोजनाओं की सराहना

अखंड भारत संदेश

जलशक्ति मंत्री को योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी।

चित्रकूट। सूबे के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना व 29 एमएलडी वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट व सिंचाई विभाग से निर्मित गुन्ता बांध का निरीक्षण किया। अधिशाषी अभियंता शशिकान्त प्रसाद ने बताया कि जिले में चार बड़े बांध ओहन, बरुआ, गुन्ता व रसिन हैं।

ओहन बांध में 27 फीसदी, बरुआ बांध में 19 फीसदी, गुंता बांध में 65 फीसदी तथा रसिन बांध में 56 फीसदी पानी भरा है। निरीक्षण दौरान बताया कि गुंता बांध 1986 में बना था। पूर्ण भंडारण क्षमता 28.80 गिपगी के सापेक्ष 15.94 मिपमी भरा है, जो 65 फीसदी है। इससे निकली नहर 64.270 किमी है। गुन्ता नहर प्रणाली से 4000 हे सिंचाई की जाती है। वर्तमान में नहरों का संचालन हो रहा है। मऊ- मानिकपुर तहसील में सिंचाई हो रही है।

अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई कार्य मंडल बांदा ने बताया कि बरुआ बांध को फीड करने को बानगंगा नदी से बरूआ बांध लिंक चैनल की परियोजना सर्वेक्षण कराकर तैयार कर पुनः मुख्य अभियन्ता समिति के समक्ष पेश की जायेगी। बताया कि राजापुर में निर्मित लघुडाल पम्प नहर की क्षमता वृद्धि को परियोजना तैयार कर ओहन बांध को फीड करने को शीघ्र कार्य योजना तैयार कर पेश की जायेगी। मंत्री ने मंदाकिनी नदी उद्गम स्थल जल प्रवाह के बारे में जानकारी ली। अधिशाषी अभियंता सिंचाई प्रखण्ड प्रथम कर्वी ने बताया कि मंदाकिनी नदी मप्र में मझगवां क्षेत्र के छोटे-छोटे नालों के समागम बाद सती अनुसुइया आश्रम होते हुये उप्र के चित्रकूट सीमा रामघाट में आती है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी पचास किमी लम्बी है। मंत्री ने मंदाकिनी नदी की सफाई व मिलने वाले छोटे-छोटे नालों की सफाई के निर्देश दिये। मंत्री ने जिले के पनहाई टैंक, जरेरा टैंक, जयवन्ती टैंक व बरदहा टैंक को बडी उपलब्धि बताई। सिंचाई विभाग के कार्यों की सराहना की। निरीक्षण दौरान अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई कार्य मंडल बांदा श्याम चैबे, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई प्रखण्ड प्रथम कर्वी शशिकान्त प्रसाद, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड कर्वी शिवेश कुमार सिंह, अधिशाषी अभियन्ता उप्र जल निगम ग्रामीण कर्वी आशीष कुमार भारतीय, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिचाई प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिशाषी अभियन्ता उप्र जल निगम कर्वी सुमित कुमार, अधिशाषी अभियन्ता लघुडाल नहर खंड बांदा विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

महिला सिपाही करें क्षेत्र भ्रमणः सीओ राजापुर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर महिला बाबत अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने को सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने पहाड़ी थाने पर महिला बीट प्रणाली की मजबूती व बीट आवंटन बाबत नियुक्त कर्मियों के साथ गोष्ठी कर उच्चाधिकारियों के दिये निर्देशों से अवगत कराया।

गुरुवार को सीओ राजापुर ने गोष्ठी में थानों पर नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों को बीट में नियमित भ्रमण कर महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत सेवायें यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्पलाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108, 1930 साइबर हेल्पलाइन बाबत जानकारी दी। थाने की महिला हेल्पडेस्क पर महिला पुलिस कर्मी के महिलाओं की शिकायत सुनकर समय से निस्तारण के निर्देश दिये।

मानिकपुर में चकबन्दी की ठीक नहीं स्थिति, करें प्रगति

अखंड भारत संदेश

बैठक में निर्देश देते डीएम।

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने चकबंदी प्रक्रिया अधीन गांवों की समीक्षा में 2024-25 में धारा 52 के तहत लक्षित नौ गांवों बाबत सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो व लेखपाल को निर्देश दिये कि जो लक्ष्य मिला है सितंबर तक पूरा करें। अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि दस वर्ष से अधिक समय से लंबित गांवों में धारा चार के तहत सर्वे को चकबंदी आयुक्त को पत्र लिखा जा चुका है। टीम गठित होते ही सर्वे कर लिया जाएगा।

गुरुवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि चकबंदी न्यायालय में लंबित वादों में जल्द निस्तारण करायें। चकबंदी अधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिये कि मानिकपुर स्थिति ठीक नहीं है, प्रगति कराए। नियम (109 क) के निस्तारित वादों बाबत जिलाधिकारी ने कहा कि जो लंबित वाद है, निस्तारण जल्द करायें। ग्राम अदालत, ग्राम चैपाल का आयोजन करें, ताकि वादों का निस्तारण हो सके। आईजीआरएस बाबत जिलाधिकारी ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी व चकबंदी अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री समीक्षा करते हैं। किसी प्रकार से डिफाल्टर न हो, सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहरलाल धर्मन, सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।

मंत्री ने कामतानाथ में टेका माथा, विकास को सौंपा पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में आरती कर कामतानाथ के दर्शन-पूजन किये। तीर्थक्षेत्र विकास से जुड़े बिन्दुओं पर संतों- आचार्यों से चर्चाकर पत्र सौंपे। गुरुवार को मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में आरती-पूजन बाद मंदिर कार्यालय में ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास महराज, कथा व्यास आचार्य नवलेश दीक्षित, आचार्य महेंद्र पांडेय, पुजारी विपिन बिहारी ने मंत्री का हल्दी-अक्षत व अंगवस्त्र से स्वागत किया। तीर्थक्षेत्र के विकास से जुड़ा पत्र सौंपा। सवेरे स्वतंत्रदेव सिंह ने प्रभु कामतानाथ के दर्शन किये। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी उनके साथ रहे।

बच्चे देश के भविष्य हैंः स्वतंत्रदेव सिंह

मदर्स प्राइड ग्लोबल स्कूल में मंत्री का हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश

वृक्षारोपण करते मंत्री।

चित्रकूट। मदर्स प्राइड ग्लोबल स्कूल चकमाली में सूबे के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने पौधरोपण कर पितृसदन हाल का शुभारम्भ किया। शिलापट्ट का अनावरण कर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं। पढ़ाने के साथ देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर है। संस्था के प्रबंधक मयंक सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

गुरुवार को मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल संस्थापक/ट्रस्टी बेनी प्रसाद सिंह एड ने शाल व रामायण भेंटकर मंत्री का स्वागत किया। प्रधानाचार्य मोनिका सिंह ने रामदरबार भेंट किया। पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष लवलेश कुमार ने गदा भेंट की। विद्यालय संरक्षक हेमंत सिंह ने पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, बांदा डिस्ट्रिक कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को रामनामी पटका पहनाकर स्वागत किया। स्कूल के बच्चे देवांशी, आयुश, मानसी, शिवानी, नित्या ने सरस्वती वंदना पेश की। आरिका पाण्डेय, अनन्या सिंह, आर्या, श्रष्टि, श्रीनिका, दृष्टि ने स्वागत गीत पेशकर अतिथियों का स्वागत किया। छात्रा राधिका सिंह ने विद्यालय परिवार की ओर से मंत्री का स्वागत किया। संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। विद्यालय के अध्यापक अंकुर, रोशनी, रागनी, शिल्पा, कादम्बरी, प्रभा, अंकिता, पल्लवी, कायनात, संजना, ज्योति, युवराज समेत प्रधान अवधेश कुमार, सुरेंद्र, सुनील, अनुज, अखिलेन्द्र सिंह, आशीष, बादल, राजकिशोर आदि मौजूद रहे।

ढाई एकड से अधिक सिंचित भूमि स्वामी नहीं होगा आवास योजना का पात्रः डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशणप्पा जीएन ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण बाबत बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष कम है। कुछ प्रमुख कारण भूमि विवाद रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि पुलिस संबंधित विवाद का निस्तारण कराये। पुलिस से संबंधित विवाद की सूची दें। थाना दिवस, तहसील दिवस पर निस्तारित करायें।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने संबंधित बीडीओ व सचिव को निर्देश दिये कि विवादित लाभार्थी को साथ लेकर थाना व तहसील दिवस में निस्तारित करायें। भूमि बाबत विवाद एसडीएम से वार्ताकर निस्तारित करायें। धारा 67 प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना भूमि विवाद से रुके हैं, नये सर्वेक्षण में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत 2024 से 25 व 28-29 तक योजना के क्रियान्वयन का सर्वेक्षण होना है। सचिव व लेखपाल लाभार्थी की जमीन का चिन्हांकन व देखरेख उत्तरदायित्व सही ढंग से निभायेंगे व गांव में चैपाल लगाकर फोटो अपडेट करें। पात्र-अपात्र का ध्यान रखें। किसी भी लाभार्थी के आधार कार्ड अथवा जॉब कार्ड एंट्री में कोई त्रुटि न होने पाये। अन्यथा

डीएम ने 24-25, 28-29 योजना के सही क्रियान्वयन पर दिया जोर

बैठक में निर्देश देते डीएम।

संबंधित सचिव पर कार्यवाही की जाएगी। सर्वेक्षण का ये आखिरी मौका है। कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। सर्वेक्षण सही ढंग से समय से करायें। ये महत्वपूर्ण योजना है, कोई शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी। बहुत से लोग पक्के मकान में रहते हैं, कहीं दूसरी जगह शिफ्ट होकर कच्चा मकान बना लेते हैं, आंख-कान खोलकर सर्वे करें। शिथिलता बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। डाटा सूचनायें डॉक्यूमेंट बनायें, ताकि पारदर्शिता दिखे। पिछले कई वर्षों में लापरवाही बरतने में सचिव निलम्बित हुए हैं। गंभीरता-सूक्ष्मता से कार्य करें, कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। अपूर्ण आवास के बारे में पारदर्शिता से कार्य करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2024-25 से 2028-29 तक सरकार ने मानक निर्धारित किये हैं। मोटर चालित तीन/चार पहिया वाहन का स्वामी, यंत्रीकृत तीन/चार पहिया कृषि उपकरण का स्वामी, 50000 या ऊपर के किसान क्रेडिट कार्ड धारक, वह परिवार जिसमें कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के साथ पंजीकृत गैर-कृषि उद्योगों वाले परिवार, परिवार का कोई सदस्य 15000 प्रतिमाह से अधिक कमाता हो, आयकर चुका रहे हो, प्रोफेशनल टैक्स चुका रहे हो, 2.5 एकड़ या अधिक सिंचित भूमि का स्वामी हो, पांच एकड़ या अधिक असिंचित भूमिका स्वामी हो, वह व्यक्ति अपात्र माना जाएगा। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

युवक ने अज्ञात कारणों से की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

मृतक की फाइल फोटो।

चित्रकूट। कोतवाली कर्वी के शंकरगंज मोहल्ले में अज्ञात कारणों से कमलेश कुमार (30) ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये घटना कोतवाली कर्वी के शंकरगंज मोहल्ले के बुधवार की रात हुई। मृतक के परिजनों ने बताया कि कमलेश की पत्नी मायके गई थी। बच्चे स्कूल में थे। घर में अकेले होने दौरान कमलेश ने जहर खा लिया। बच्चे स्कूल से लौटे तो कमलेश को बेहोश देखा। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गये। इलाज दौरान कमलेश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम बाद मामला साफ होगा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मन्दाकिनी को नर्मदा से जोडें, उठी मांग

मंत्री को मांग पत्र देते अजीत सिंह।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के जलशक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने भेंटकर जिले के विकास से जुड़े मांग पत्र सौंपे।

गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित डाक बंगला में हुई भेंट में बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष ने तीर्थक्षेत्र आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए वाटर एटीएम, टूरिस्ट गाइड, मल्टी पार्किंग स्थल विकसित करने की मांग की। जिले में पर्यटन सर्किट बनवाने, सिटी बस सेवा, इलेक्ट्रिक शवदाह गृह बनवाने बाबत पत्र सौंपे। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से मंदाकिनी नदी को नर्मदा से जोड़ने, नदी सफाई को बजट, पुराने जलस्रोतो को पुनर्जीवन को मप्र सरकार से तालमेल कर उदगम स्थल सती अनुसुइया आश्रम के पास सफाई अभियान की मांग उठाई।

गांवों में लाइब्रेरी में करें किताबों की व्यवस्थाः डीएम

डीएम ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मनरेगा कार्य, अमृत सरोवर, गांवों में लाइब्रेरी, एसएलडब्ल्यूएम के कार्यों व पंचायत भवन तथा अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्यों की समीक्षा कर उप जिलाधिकारियों से कहा कि गांवों में आरआरसी सेंटर निर्माण कार्य को भूमि के मामलों का तत्काल निस्तारण करें।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने डीपीआरओ से कहा कि सभी उप जिलाधिकारियों को सूची देकर उनकी ओर से पत्र जारी करें कि जिन गांवों में लाइब्रेरी स्थापित है, किताबों की व्यवस्था करें। एसएलडब्ल्यूएम निर्माण कार्य पहाड़ी ब्लाक के गांव में प्रगति खराब है। डीपीआरओ से कहा कि संबंधित गांव के सचिव के खिलाफ कार्यवाही तय करें, जिन गांव में निर्माण हो गये हैं, वहां कार्य शुरू करायें। जो गांव पंचायत भवन का सुन्दरीकरण कराते हैं, सचिव कार्य शुरू करायें। गांवों के जो कार्य हो गये हैं, भुगतान करायें। भुगतान करने लायक नहीं है तो विवरण भेजें। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने बताया कि मनरेगा के तहत जिन विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंच मार्ग नहीं है, वहां कार्य कराने को प्रस्ताव तैयार है। जिलाधिकारी ने कहा कि सूची दें। उप जिलाधिकारियों से कहा कि चकरोडों के विवाद का निस्तारण करायें, ताकि मनरेगा योजना से चकरोडों पर कार्य हो सके। उप जिलाधिकारियों व खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों को पहुंच मार्ग निर्माण कराना है, गंभीरता से कार्य करायें। सचिव-लेखपाल भी गांव के कार्यों में रुचि लेकर दायित्व निभायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

तमंचा-कारतूस समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्यामप्रताप पटेल की अगुवाई में प्रशिक्षु दरोगा नीतेश यादव ने राजा भईया पुत्र भोला, राजू भईया पुत्र जुगराज घुनुवा को तमंचा 12 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उस पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। टीम में दरोगा प्रशिक्षु नीतेश यादव व सिपाही सूरज निर्मल शामिल रहे।

डीएम ने देखा प्राधिकरण कार्यालय

अखंड भारत संदेश

प्राधिकरण कार्यालय देखते डीएम।

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण कर पत्रावलियों के रख-रखाव, साफ-सफाई देखा।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने चित्रकूट विशेष विकास प्राधिकरण कार्यालय के वरिष्ठ सहायक शैलेंद्र सिंह से कहा कि सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की सीट पर नेम प्लेट लगायें। पत्रावलियों का अच्छे ढंगसे रख-रखाव करें। निरीक्षण दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक/सचिव चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण राजेश प्रसाद, अवर अभियंता ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ सहायक शैलेंद्र सिंह, मानचित्रकार राकेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि लोगों के समय से नक्शे पास करें। कार्यालय आने वाले किसी व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी न उठानी पडे। शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम को हुई बैठक

चित्रकूट। सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्मोकोल से बने उत्पाद की रोकथाम व जागरूकता को जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति व वृक्षारोपण समिति ने मंदाकिनी नदी किनारे सुरिजकुण्ड में बैठक की। गुरुवार को बैठक में डीएफओ डा एनके सिंह ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के थैले व थर्मोकोल से बने उत्पाद के प्रयोग से पर्यावरण दूषित हो रहा है। प्रकृति में प्रभाव पड़ता है। प्रकृति को बचाना धर्म है। आश्रम में प्रयोग होने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्मोकोल से बने उत्पाद दोना-पत्तल, गिलास का प्रयोग न होने दें। कागज व पत्तो से बने उत्पाद का प्रयोग करें। कागज व पत्ते से बने उत्पाद मिटटी में सडकर खाद बन जाते हैं। इस मौके पर आश्रम के महन्त रामवदन दास ने कहा कि जो भी आश्रम में पालीथीन व थर्मोकोल से बने उत्पाद दोना-पत्तल सब नदी में बहाकर चले जाते है, नदी दूषित होती है। महन्त ने आश्वासन दिया कि आश्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्मोकोल से बने उत्पाद का प्रयोग नही होगा। प्रतिदिन कीर्तन करने वाले व श्रद्धालुओं को भोजन स्टील की थाली में कराया जायेगा। भोजन बाद कीर्तन करने वाले श्रद्वालु थाली धोकर रखेंगे। बैठक बाद डीएफओ ने आश्रम को स्टील की थालियां भेट की। इस मौके पर उप क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता व श्रद्वालु हेमराज सिंह, राम बहादुर, सुशील कुमार अनुरागी, धर्मराज सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

कुल्हाड़ी मारकर हत्यारोपी गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की टीम ने रैपुरा थाने के अगरहुंडा गांव में हुई हत्या के नामजद आरोपी वांछित पप्पू उर्फ प्यारेलाल पुत्र समाजी व श्रीराम पुत्र समाजी अगरहुंडा को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी रामगोविन्द उर्फ गोविन्द पुत्र समाजी व एक अन्य समाजी पुत्र स्व नौमतिया को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। टीम में दरोगा प्रशिक्षु नीतेश यादव, सिपाही सूरज निर्मल शामिल रहे।

डीएम ने मांगी स्कूल छोडने वाले बच्चों की सूची

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति/महिला कल्याण विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा में विजन, मिशन, विभाग का संगठनात्मक ढांचा, जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय, ग्राम पंचायत स्तरीय, वार्ड स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाफ सेंटर, मिशन वात्सल्य बाल कल्याण एवं संरक्षण, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, पीएम केयर, स्पॉन्सरशिप, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल भिक्षा वृत्ति रोको अभियान आदि विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व बीएसए से कहा कि जिन स्कूलों के बच्चों ने स्कूल छोड दिया है, उनकी सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा को दें। बाल संरक्षण समिति से तालमेल करें। बाल श्रम के तहत श्रम प्रवर्तन अधिकारी अभियान चलाकर छापामारी करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा से कहा कि बाल संरक्षण व महिला कल्याण की संचालित योजनाओं की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से गांवों में दिलायें। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव से कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी को दें, ताकि उन्हें स्पॉन्सरशिप दिलायी जा सके। बीएसए व डीआईओएस भी दिव्यांग बच्चों की सूची दें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सेमीकंडक्टर है ताइवान का रक्षा कवच, चीन का पड़ोसी कैसे बना कंप्यूटर चिप का किंग

ताइपेः भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत चिप कंपनियों के लिए एक एकीकृत इकोसिस्टम देता है। दुनिया इसे लेकर भारत पर दांव लगा सकती है। उन्होंने कहा कि यह भारत में आने का सही समय हैं। 21वीं सदी के भारत में चिप कभी भी डाउन नहीं होते हैं। सेमीकंडक्टर कंप्यूटर या किसी भी डिजिटल मशीन में लगने वाले चिप हैं। जब भी सेमीकंडक्टर की बात होती है तो ताइवान का नाम जरूर आता है। ताइवान की तरक्की का असली कारण सेमीकंडक्टर है। 1969 की गर्मियों में 23 साल के चिन ताई अमेरिका गए। इससे पहले वह ताइवान के एक छोटे से गांव में रहते थे, जहां मछली पकड़ने का काम होता था। तब ताइवान की अर्थव्यवस्था कृषि, चीनी के निर्यात और टीशर्ट पर निर्भर थी।

चिन ने अमेरिका में देखा कि दुनिया टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ रही है। चांद पर लोग जा रहे हैं और बड़े-बड़े हवाई जहाज भविष्य बना रहे हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक



78 साल के डॉ. चिन ने कहा, 'जब मैं वहां उतरा तो हैरान रह गया। मैंने मन में सोचा कि ताइवान कितना गरीब है। मुझे इसे बेहतर करने के लिए कुछ करना चाहिए।' प्रिंसटन में पढ़ाई और अमेरिकी सेमीकंडक्टर उद्योग में काम करने के बाद वह ताइवान आ गए। तब देश आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। शिह ने अन्य इंजीनियरों के साथ मिलकर ताइवान का सेमीकंडक्टर क्षेत्र बनाना शुरू किया। काम ताइपे के दक्षिण में एक छोटे से शहर सिंचु में शुरू हुआ जो आज दुनिया की इलेक्ट्रॉनिक्स का केंद्र है। बाद में यहाँ दुनिया की सबसे बड़ी ताइवान सेमीकंडक्टर विनिर्माण कंपनी (TSMC) की स्थापना हुई।

कैसे हुई तरक्की?

ळरटउ को चलाने के लिए एक चीनी-अमेरिकी इंजीनियर मॉरिस चांग को भर्ती किया गया। यह ताइवान की किस्मत था या चांग की प्रतिभा या फिर दोनों लेकिन उन्होंने कमाल कर दिया। 93 वर्षीय चांग को आज ताइवान के सेमीकंडक्टर उद्योग का जनक कहा जाता है। ताइवान की सफलता का बड़ा कारण 'फाउंड्री मॉडल' था। ताइवान ने अपनी चिप डिजाइन करके अमेरिका और जापान के साथ प्रतिस्पर्धा करने की जगह शुरूआत में दूसरी कंपनियों के लिए चिप बनाया। यह फैसला गेमचेंजर साबित हुआ। कई कंपनियां जिनके पास अपने प्लांट बनाने की क्षमता नहीं थी उन्होंने सीधे ताइवान के साथ संपर्क किया।

ताइवान पर कब्जे की धमकी देता है चीन

दुनिया में हर साल एक ट्रिलियन चिप का उत्पादन होता है। एक आधुनिक कार में 1500 से 3000 चिप होते हैं।

दिल्ली नहीं पेशावर में ईजाद हुआ बटर चिकन... मोती महल और दरियागंज में मुकदमे के बीच पाकिस्तान से बड़ा दावा

इस्लामाबादः भारत और पाकिस्तान एक साझा इतिहास और संस्कृति को साझा करते हैं। दोनों देशों के खानपान में भी बहुत समानता देखी जाती है। कई लोकप्रिय व्यंजनों को लेकर दोनों देशों के लोगों के अपने-अपने दावे भी करते रहे हैं। अब नया मामला बटर चिकन का है। बटर चिकन को ना सिर्फ उपमहाद्वीप के लोग बल्कि विदेशी भी खूब पसंद करते हैं। स्वादिष्ट डिश बटर चिकन पर दिल्ली के दो रेस्तरां, दरियागंज और मोती महल अपना-अपना दावा कर रहे हैं और मामले को अदालत तक ले गए हैं। दोनों रेस्तरां का कहना है कि इस डिश को उन्होंने खोजा है। इस मुकदमे के बीच एक नया दावा सामने आया है और ये कहता है कि बटर चिकन दिल्ली नहीं बल्कि पेशावर में ईजाद किया गया और बंटवारे के

बाद दिल्ली में ये आया।

मोती महल और दरियागंज, बटर चिकन के आविष्कार को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में आमने-सामने हैं। दोनों रेस्टोरेंट चेन का दावा है कि उन्होंने ही ये व्यंजन बनाए थे। मोती महल ने दरियागंज के खिलाफ मुकदमा करते हुए कहा है कि दरियागंज रेस्टोरेंट ने बटर चिकन पर दावा ठोककर लोगों को गुमराह किया है। इस मुकदमे की चर्चा के बीच पाक वेबसाइट जियो टीवी ने बटर चिकन को लेकर एक रिपोर्ट की है। ये रिपोर्ट कहती है कि बटर चिकन दरअसल पेशावर में बनना शुरू हुआ और यहीं से दिल्ली तक पहुंचा। रिपोर्ट कहती है कि बटर चिकन की शुरूआत पेशावर के चहल-पहल भरे बाजार में 1920 के आसपास हुई। पेशावर में मोती महल नाम से रेस्टोरेंट की शुरूआत कुंदन लाल गुजराल ने की थी। बंटवारे के बाद 1947 में वह दिल्ली आए और यहां भी मोती महल नाम से ही रेस्टोरेंट खोला।

61 इंच का सीना, 25 का डोला... दुनिया के सबसे 'खतरनाक' बॉडी बिल्डर इलिया गोलेम का 36 साल की उम्र में निधन

मिन्स्कः दुनियाभर में मशहूर बेलारूस के बॉडीबिल्डर इलिया गोलेम येफिमचेक की मौत हो गई है। इलिया 36 वर्ष के थे और अपने शरीर के साइज की वजह से लोकप्रिय थे।

उन्होंने अपने अविश्वसनीय शरीर की वजह 'दुनिया के सबसे खतरनाक बॉडी बिल्डर' का खिताब अर्जित किया था। वह अक्सर सोशल मीडिया पर एक्सरसाइज की तस्वीरें शेयर करते रहते थे और उनके लाखों की संख्या में फॉलोवर्स थे। बॉडी बिल्डिंग की दुनिया में इलिया गोलेम से उनको शोहरत मिली हालांकि उनका असली नाम इलिया येफिन्शिक था। इलिया की मौत का आधिकारिक कारण अभी तक सामने नहीं आया है। उनकी पत्नी अन्ना ने बताया है कि 6 सितंबर की सुबह गोलेम की धड़कन रुकने लगी। इसके बाद उनको अस्पताल ले जाया गया। दो दिन बाद डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

इलिया के शरीर के आकार का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उनकी छाती 61 इंच की थी और बांह 25 इंच की थी।

चीन की गोद में जा रहा भारत का मुस्लिम दोस्त देश, कर्ज का जाल बने बीआरआई पर लगाएगा दांव

दुबईः पाकिस्तान से लेकर अफ्रीका तक के देशों को कर्ज के जाल में फंसाने वाले चीन के बेल्ट एंड रोड प्राजेक्ट के जाल में अब एक और देश फंसने जा रहा है। भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार संयुक्त अरब अमीरात चीन के बेल्ट एंड रोड प्रॉजेक्ट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि सऊदी अरब समेत खाड़ी के अन्य देशों की तरह से यूएई भी चीन के करीब बढ़ता दिख रहा है और बीजिंग के वैश्विक आर्थिक फुटप्रिंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहता है। यूएई के इस कदम का वैश्विक और क्षेत्रीय असर हो सकता है। वह भी तब जब शिया मुल्क ईरान पूरे मिडिल ईस्ट में एक बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

यूएई की न्यूज एजेंसी के मुताबिक यूएई बड़ा क्षेत्रीय और वैश्विक खिलाड़ी बनकर उभरा है। इससे यूएई एक प्रभावशाली आर्थिक ताकत बनकर उभरा है और खासतौर पर वैश्विक पहलों जैसे चीन के बेल्ट एंड रोड को सपोर्ट किया है जिसे चीन के राष्ट्रपति ने साल 2013 में शुरू किया था। चीन के बीआरआई को लेकर बुधवार और गुरुवार को बड़ी बैठक होने जा रही है। यूएई इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी करने की उम्मीद कर रहा है। इसमें कहा गया है कि यूएई बीआरआई के अंदर महत्वपूर्ण योगदान देना जारी रखेगा। रिपोर्ट के मुताबिक यूएई ने चीन के साथ संयुक्त निवेश सहयोग फंड में 10 अरब डॉलर का निवेश किया है ताकि पूर्वी अफ्रीका में बीआरआई प्रॉजेक्ट को सपोर्ट किया जा सके।

खाड़ी देशों में बढ़ रहा है चीन का प्रभाव

यूएई चीन के साथ जुड़े देशों के साथ बहुत बड़े पैमाने पर व्यापार कर रहा है। यह सम्मेलन ऐसे समय पर हो रहा है जब यूएई और चीन के बीच कूटनीतिक रिश्ते की शुरूआत के 40 साल पूरे हुए हैं। चीन अब यूएई का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। दोनों देशों के बीच साल 2024 के पहले 6 महीने में व्यापार 50 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें करीब 19 बिलयिन डॉलर का यूएई ने चीन को निर्यात किया है। यूएई ने एक तरफ अमेरिका और इजरायल के अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर कर रखा है, तो दूसरी ओर वह चीन के साथ भी दोस्ती बढ़ा रहा है।

अबू धाबी के क्राउन प्रिंस का भारत का पहला आधिकारिक दौरा, पीएम मोदी से क्या-क्या हुई बातचीत?

रूस, चीन और ईरान की कोशिश है कि विश्व व्यवस्था में पश्चिमी देशों के आधिपत्य को चुनौती दिया जाए। वे यूएई जैसे देशों को अपने साथ ला रहे हैं। अब तक पूरे खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका सबसे बड़ा खिलाड़ी था लेकिन अब चीन तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। चीन ने ईरान और सऊदी अरब के बीच दोस्ती कराई है।

अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में कई सैन्य अड्डे बना रखे हैं और इसकी मदद से वह ईरान और उसके सहयोगी देशों पर नकेल कसे रखता है।

कमला हैरिस को खुलेआम समर्थन देने वाली पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट की कितनी है संपत्ति

वॉशिंगटनः अमेरिका की मशहूर सिंगर टेलर स्विफ्ट ने अमेरिक चुनाव में कमला हैरिस को अपनी पसंद बताया है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में टेलर स्विफ्ट ने कहा कि वह नवंबर में होने वाले चुनाव में कमला हैरिस को वोट देंगी। उन्होंने लिखा, 'मैं कमला हैरिस को सपोर्ट कर रही हूं क्योंकि वह अधिकारों और मुद्दों के लिए लड़ती हैं। मेरा मानना है कि इन मुद्दों पर लड़ने के लिए हैरिस जैसी चैंपियन की जरूरत है। मुझे लगता है कि वह एक दृढ़-निश्चयी और प्रतिभाशाली नेता हैं। हमारा देश में बहुत कुछ हासिल कर सकता है अगर शांति से देश का नेतृत्व किया जाए ना कि अराजकता को बढ़ाया जाए।'

टेलर ने कहा कि मैंने अपनी रिसर्च करने के बाद कमला हैरिस को अपनी पसंद बनाया है। आपकी रिसर्च आपको करनी है और फिर आपको चुनाव करना है। मैं विशेष रूप से पहली बार मतदाताओं से यह कहना चाहती हूं कि खुद को रजिस्टर करें और वोट जरूर दें। कमला हैरिस के समर्थन से चर्चा में आईं टेलर दुनिया की जानीमानी सिंगर हैं लेकिन दूसरे मुद्दों पर भी राय रखती हैं। हालांकि कमला हैरिस को समर्थन के बाद वह ट्रंप के निशाने पर आ गई हैं लेकिन

उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी है।

अरबपति हैं टेलर स्विफ्ट

कमला हैरिस का समर्थन कर रहीं पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट अरबपति हैं। फोर्ब्स की लिस्ट के मुताबिक, टेलर की कुल संपत्ति 1.1 अरब डॉलर है। टेलर ने अक्टूबर 2023 में टेलर स्विफ्ट म्यूजिक और शो की कमाई से अरबपति बनने वाली पहली स्टार बनी थीं। टेलर डस्सॉल्ट फैल्कन 900 प्राइवेट जेट में सफर करती हैं और नैशविल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका खुद का एयरपोर्ट हैंगर है। टेलर स्विफ्ट अब तक 300 से ज्यादा अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुकी हैं। इनमे ग्रैमी, बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड और अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड शामिल हैं।

टेलर एलिसन स्विफ्ट ने केवल 9 साल की उम्र में उन्होंने नैशनल पोएट्री कॉन्टेस्ट जीता था।

अक्टूबर 2006 को उन्होंने अपना पहला एल्बम टेलर स्विफ्ट रिलीज किया। इसमें कुल 11 गाने थे, इनमें से तीन उन्होंने खुद लिखे थे। यह एल्बम बेहद लोकप्रिय हुआ और टेलर स्टार बन गईं।

सीईओ के साथ सहमति से संबंध भी गलत... अमेरिका में भारतीय मूल के वकील को कंपनी ने नौकरी से निकाला

वॉशिंगटनः अमेरिका में भारतीय मूल के एक वकील को कंपनी के सीईओ के साथ कथित 'अनुचित संबंध' रखने पर नौकरी से निकाल दिया गया है। सीईओ को भी सस्पेंड कर दिया गया है। नॉरफॉक सदर्न कॉरपोरेशन ने ये फैसला लिया है। कंपनी ने कहा कि सीईओ एलन शॉ को और भारतीय मूल की वकील नबनिता सी नाग को बर्खास्त किया गया है। कॉपोर्रेशन ने कहा कि शॉ और नाग के बीच संबंध सामने आए थे। दोनों के बीच संबंध सहमति से थे लेकिन उन्होंने ऐसा करके कंपनी की नीतियों का उल्लंघन किया है। कॉपोर्रेशन ने बयान में कहा कि शॉ के हटाए जाने का कंपनी के प्रदर्शन, वित्तीय रिपोर्टिंग और ऑपरेशन के रिजल्ट से संबंधित नहीं है।

टीओआई कीरिपोर्ट के मुताबिक, नॉरफॉक साउदर्न ने कहा कि बोर्ड की शुरूआती जांच के बाद नबनिता सी नाग को कॉपोर्रेट मामलों, मुख्य कानूनी अधिकारी और कॉपोर्रेट सचिव के रूप में उनकी भूमिकाओं से तुरंत हटा दिया गया है। जेसन एम. मॉरिस को उनकी जगह नियुक्ति दी गई है।



शॉ को पद से हटाने के बाद नॉरफॉक ने सर्वसम्मति से मार्क आर जॉर्ज को कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया। जॉर्ज नॉरफॉक दक्षिणी बोर्ड में भी शामिल होंगे। पद स्वीकार करने के बाद जॉर्ज ने कहा कि वह इस भूमिका को निभाने और नॉरफॉक साउदर्न का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

जांच में सामने आई रिश्ते बात

रिपोर्ट के मुताबिक, नॉरफॉक सदर्न कॉरपोरेशन ने नबनिता नाग और एलन शॉ के बीच रिश्तों की बात सामने आने के बाद जांच शुरू की थी। जांच में पाया गया कि दोनों के बीच संबंध बना जो कि कंपनी की नीतियों का उल्लंघन था। जांच में पाया गया कि शॉ ने कंपनी के मुख्य कानूनी अधिकारी के साथ सहमति से संबंध बनाकर कंपनी की नीतियों का उल्लंघन किया है।

मुख्यमंत्री ही गायब कर दिया गया! पाकिस्तान में सेना के खिलाफ जाना पड़ा महंगा

भारतीय मूल की नाग की बात करें तो उन्होंने अपनी प्रोफाइल में खुद को एक 'अनुभवी लीडर' कहा है।

वह पहले गोल्डमैन सैक्स में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी से सरकारी और अंग्रेजी में स्नातक की डिग्री और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ से ज्यूरिस डॉक्टर (जेडी) की डिग्री हासिल की थी। वह पहली बार 2020 में जनरल काउंसिल के रूप में नॉरफॉक साउदर्न में शामिल हुईं। उन्हें 2022 में मुख्य कानूनी अधिकारी और 2023 में कॉपोर्रेट मामलों का कार्यकारी उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

कनाडा की 52 लाख की नौकरी छोड़ क्या भारत आ जाऊं...

ओटावाः कनाडा में काम करने वाले कई लोगों के सामने यह मुश्किलें होती हैं कि वह वहीं रहें या फिर वापस भारत जाएं। एक ऐसे ही इंजीनियर ने अपनी मुश्किलों को साझा किया है। यह इंजीनियर एक दोराहे पर खड़ा है। उसने रेडिट पर लोगों से सवाल किया कि क्या उसे कनाडा में ही काम करना चाहिए या अपनी ही कंपनी में मैनेजर की पोस्ट के साथ भारत में लौटना चाहिए? जिस

इंजीनियर ने यह सवाल किया है वह मास्टर डिग्री पाने के बाद 2019 में कनाडा में चला गया था। तब से वह स्थायी निवास भी पा चुका है। लेकिन अब उसके सामने मुश्किल यह है कि वह कनाडा में ही रहे या अपने परिवार के करीब रहने के लिए भारत लौट जाए।

इस शख्स ने बताया कि वह वर्तमान में 85000 कनाडाई डॉलर (52.5 लाख रुपए) कमाता है, जिसमें बोनस शामिल है। कनाडा के हैलिफैक्स में वह रहता है, जहां महंगाई के कारण रहना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। यह व्यक्ति हर महीने लगभग डेढ़ लाख रुए किराए और अन्य जरूरी चीजों पर खर्च करता है। कनाडा की स्वास्थ्य प्रणाली गैर-आपातकालीन मामलों में लंबा इंतजार कराती है, जिस कारण भी वह परेशान हैं। उसकी कंपनी ने अब उसे हर साल 36 लाख रुपए का वेतन और 5 लाख के बोनस के साथ बेंगलुरु में मैनेजर की पोस्ट की पेशकश की है। इंजीनियर ने कहा कि उसने कभी भारत में काम नहीं किया है। उसने भारतीय बॉस के साथ काम करने और उनके काम करने के तरीके को लेकर चिंता जताई है।

पोस्ट में क्या लिखा?

उसने पोस्ट में लिखा, 'जब तक मेरे वर्तमान मैनेजर हैं, मैं ठीक हूं। लेकिन अगर वह हटते हैं तो मैं एक भारतीय मैनेजर के साथ काम करूंगा। मैंने उनके साथ काम करने को लेकर डरावनी कहानियां सुनी हैं। मैं अभी भी सोच रहा हूं कि शायद यह जीवन में एक साल में होने वाला काम है। शायद मुझे एक साल के लिए इस पोस्ट के लिए मान जाना चाहिए और देखना चाहिए कि कनाडा किस तरह आगे तरक्की है।' उनकी सबसे बड़ी दुविधा भारत जाने पर उनकी कनाडा की नागरिकता हासिल करने पर पड़ने वाला प्रभाव है। उनका कहना है कि अगर वह अभी कनाडा में रुकते हैं तो डेढ़ साल में उन्हें कनाडा की नागरिकता मिल जाएगी।

सुखोई-35 फाइटर जेट, र-400... अमेरिकी गुस्से के बाद भी ईरान रूस को क्यों दे रहा कलिर मिसाइलें और ड्रोन

तेहरानः ईरान ने कथित तौर पर यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझे रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें (सीआरबीएम) भेजी हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ईरान से रूस मिसाइलें जाने का दावा किया है। ईरान से फतेह-110, फतेह-360 और जोल्फघर सिस्टम मॉस्को डिलीवर किया गया है। फतेह 500 किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम है और जोल्फघर 700 किमी तक भारी हथियार ले जा सकता है। इन मिसाइलों के मिलने से रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सीधी मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन सवाल है कि ईरान को इससे क्या हासिल होगा, जिसने अमेरिका को नाराजगी मोल लेकर ये सौदा किया है।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा है कि रूस को इसी महीने, सितंबर की शुरूआत में ईरानी मिसाइलों की पहली खेप मिली है। मैक्सार टेक्नोलॉजीज की सैटेलाइट इमेजरी में रूसी जहाज पोर्ट ओल्या 3 दिखाया गया है, जिसमें कथित तौर पर ईरान के अमीराबाद बंदरगाह से रूस के अस्त्रखान तक मिसाइलों को ले जाया गया। रिपोर्ट से पता चलता है ।

यूक्रेन को अमेरिका देगा लंबी दूरी के मिसाइल हमलों की अनुमति : रूस

मॉस्को। मॉस्को को डर सता रहा है कि अमेरिका यूक्रेन को लंबी दूरी के मिसाइल हमले की अनुमति दे सकता है। क्रेमलिन ने चेतावनी दी है कि अगर वॉशिंगटन कीव को ऐसी परमिशन देता है तो रूस भी उसी के मुताबिक जवाब देगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी बुधवार को यूक्रेन पहुंचे।

मॉस्को ने आरोप लगाया है कि यह यात्रा कीव को लंबी दूरी की अमेरिकी मिसाइलों के जरिए रूस पर हमला करने की अनुमति देने का हिस्सा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता पेस्कोव ने बुधवार को एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, "सबसे अधिक संभावना है कि ये फैसले पहले ही लिए जा चुके हैं।"

रूस की समाचार एजेंसी तास ने पेस्कोव के हवाले से कहा, "फिलहाल, मीडिया पहले से लिए गए निर्णय को औपचारिक रूप देने के लिए सूचना अभियान चला रहा है।"

यूक्रेन अपने सहयोगियों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूसी क्षेत्र में और भीतर हमला करने में सक्षम उन्नत हथियार मुहैया कराएं। यूक्रेनी प्रधानमंत्री डेनिस श्म्यहाल ने ब्रिटिश विदेश मंत्री के साथ अपनी बैठक के दौरान इस अपील को दोहराया।

शम्यहाल ने कहा, "हमें उम्मीद है कि हमारे दुश्मन के क्षेत्र पर हमले के लिए लंबी दूरी के उपकरण पहुंच जाएंगे और हमें मिल भी जाएंगे।" मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, उन्होंने दलील दी कि कीव को रूस में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की अनुमति दी जानी चाहिए। यूक्रेनी पीएम ने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से 'यूक्रेनी नागरिकों की सुरक्षा' बढ़ेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी पुष्टि की है कि उनका प्रशासन रूसी क्षेत्र में यूक्रेनी हमलों पर प्रतिबंध हटाने पर काम कर रहा है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।